● जयपुर, शुक्रवार 7 दिसंबर 24 ● वर्ष 14 ● अंक 109 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in | Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

सुविचार
"सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।"
● स्वामी विवेकानंद

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25
RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त
सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000
जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित
अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूंदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

पेज @3 'रास्ता खोलो अभियान' ने राह की आसान...तो ग्रामीणों के चेहरे पर खिली मुस्कान...
पेज @4 मंत्री झाबर सिंह खर्रा की अध्यक्षता में रूडसिको बोर्ड की 59 वीं महत्वपूर्ण...
पेज @8 उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने मालवीय नगर बाल्मिकी बस्ती में किया...

## संक्षिप्त खबरें

### हाशिमपुरा नरसंहार मामले में दोषी 8 पीएसी जवानों को जमानत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस एएस ओका की अध्यक्षता वाली बेंच ने शुक्रवार को साल 1987 में मेरठ के हाशिमपुरा नरसंहार मामले में दोषी 8 पीएसी जवानों को जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया। सुनवाई के दौरान दोषी जवानों की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अमित आनंद तिवारी ने कहा कि दिल्ली हाई कोर्ट के फैसले के बाद ये जवान छह साल से भी ज्यादा समय से जेल में हैं। उन्होंने कहा कि इन जवानों को ट्रायल कोर्ट ने बरी कर दिया था, लेकिन दिल्ली हाई कोर्ट ने इन्हें दोषी करार दिया था। दिल्ली हाई कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के फैसले को पलटते हुए 31 अक्टूबर, 2018 को इस मामले में 16 पीएसी जवानों को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई थी। दिल्ली के तीसहजारी कोर्ट ने सबूतों के अभाव में पीएसी जवानों को बरी किया था। इस घटना में मेरठ के हाशिमपुरा में 42 लोगों की मौत हुई थी।

### बीएसएफ ने पकड़ा पाकिस्तानी ड्रोन व हेरोइन

**चंडीगढ़।** बीएसएफ ने पंजाब के सीमावर्ती क्षेत्र के अंतर्गत अमृतसर व तरनतारन में सर्च ऑपरेशन चलाकर भारी मात्रा में हेरोइन व पाकिस्तानी ड्रोन बरामद किया। सीमावर्ती क्षेत्र में पिछले कई दिनों से घना कोहरा छाया हुआ है। जिसके चलते यहां घुसपैठ की घटनाओं में अचानक वृद्धि हो रही है। कोहरे को देखते हुए पंजाब पुलिस व बीएसएफ ने सीमावर्ती क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी है। बीएसएफ प्रवक्ता के अनुसार गुरुवार रात चलाए गए सर्च ऑपरेशन के दौरान अमृतसर जिले के अंतर्गत पाकिस्तान की सीमा से सटे इलाके से 520 ग्राम हेरोइन बरामद की गई है। इसी तरह तरनतारन जिले में चलाए गए ऑपरेशन के दौरान 530 ग्राम हेरोइन तथा एक डीजेआई एआईआर थ्री एस ड्रोन बरामद किया गया है।

### कन्नौज में बस वाटर टैंकर से टकराकर पलटी, आठ की मौत

**कन्नौज।** उत्तर प्रदेश के कन्नौज जिले के सकरावा थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक डबल डेकर बस वाटर टैंकर से टकरा कर पलट गई। इस हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई जबकि 19 लोग घायल हुए हैं। हादसे की जानकारी मिलते ही राज्य के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह घटनास्थल पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य का जायजा लिया। सकरावा और सौरिख थाने की पुलिस टीम घटनास्थल पर मौजूद है। जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने हादसे में 8 लोगों की मौत होने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि हादसे में घायल 19 लोगों को सैफई मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर किया गया है। राहत एवं बचाव कार्य जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक यह हादसा तेज रफ्तार और घने कोहरे के कारण हुआ।

### विदेश सचिव 9 दिसंबर को जाएंगे बांग्लादेश

**नई दिल्ली।** विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री 9 दिसंबर को बांग्लादेश जाएंगे। इस दौरान वे अपने समकक्ष और अन्य नेताओं एवं अधिकारियों से मुलाकात करेंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने आज इसकी जानकारी दी। दूसरी ओर बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों खासकर हिन्दुओं के हालात और हिन्दू धमार्चायों की गिरफ्तारी के मुद्दे पर प्रवक्ता ने भारत के रुख को एक बार फिर दोहराया और कहा कि लोगों के कानूनी अधिकारों की रक्षा होनी चाहिए और उन्हें स्वतंत्र एवं निष्पक्ष ट्रायल मिलना चाहिए।

# सांसद अभिषेक मनु सिंघवी की सीट से मिली नोटों की गड्डी


## राज्यसभा में देखने को मिला नया विवाद

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में शुक्रवार को नया विवाद देखने को मिला। उच्च सदन में बेंच नंबर 222 के नीचे से नोट की गड्डी मिलने का मामला सामने आया है। यह सीट कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी की है। सभापति जगदीप धनखड़ ने इस मसले को बेहद गंभीर बताया है।

इस मामले में उच्च सदन में भाजपा नेता जेपी नड्डा ने इसे असामान्य घटनाक्रम बताते हुए कहा कि इसकी जांच होनी चाहिए। उन्होंने इस घटनाक्रम को लेकर विपक्ष के रवैए पर भी सवाल उठाया। जिसके बाद सदन में हंगामा शुरू हो गया। सदन में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि सभापति को इस मामले की जांच करनी चाहिए। उनके आश्वासन के बाद सदन में शून्यकाल शुरू हुआ।

## राज्यसभा में कैश मिलने पर सिंघवी ने दी सफाई, कहा- इस मुद्दे का किया जा रहा है राजनीतिकरण




नई दिल्ली। राज्यसभा में शुक्रवार का दिन काफी हंगामेदार रहा। शुक्रवार को राज्यसभा सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन में जानकारी दी कि सीट नंबर 222 के नीचे नोटों की गड्डी मिली है। यह सीट तेलंगाना से राज्यसभा सदस्य अभिषेक मनु सिंघवी की है। इसको लेकर सदन में कांग्रेस सदस्यों ने जमकर हंगामा किया। इन आरोपों पर अभिषेक मनु सिंघवी ने वीडियो जारी करते हुए कहा कि उनके खिलाफ साजिश रची जा रही है। उन्होंने कहा कि गुरुवार को वे केवल तीन मिनट के लिए सदन में मौजूद रहे। उन्होंने कहा, 'पहली बार ऐसा सुनने में आया, मैं जब भी राज्यसभा जाता हूं तो एक 500 रुपये का नोट साथ लेकर जाता हूं।' उन्होंने आगे कहा कि मैं कल दोपहर 12.57 बजे सदन के अंदर पहुंचा और 1 बजे भोजनवकास के लिए कैंटीन में अयोध्य के सांसद अवधेश प्रसाद के साथ बैठा और फिर कोर्ट चला गया। उन्होंने कहा कि यह बेहद हास्यास्पद है कि ऐसे मुद्दों का राजनीतिकरण किया जा रहा है। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि सांसदों की सीटों की सुरक्षा के लिए कड़े कदम उठाए जाने चाहिए। इस मामले में कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य जयराम रमेश ने कहा कि यह सत्ता पक्ष की साजिश है। इस तरह की घटनाओं के माध्यम से महत्वपूर्ण मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने की कोशिश की जा रही है।

## मामले की जांच की जा रही है : जगदीप धनखड़

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को कहा कि सदन में कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी की सीट के पास 500 के नोटों की गड्डी बरामद हुई है। पूरी मामले की जांच की जा रही है। सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन को बताया कि कांग्रेस सांसद अभिषेक मनु सिंघवी की सीट के पास से नोटों की गड्डी बरामद हुई।

कल सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद सदन की नियमित जांच के दौरान सुरक्षा अधिकारियों ने सीट संख्या 222 से नोटों की एक गड्डी बरामद की। यह सीट वर्तमान में 2024-26 के कार्यकाल के लिए तेलंगाना राज्य से निर्वाचित अभिषेक मनु सिंघवी को आवंटित है। उनकी संज्ञान में मामला लाए जाने पर प्रथा और नियम के अनुसार यह सुनिश्चित करना उचित है कि कानून के अनुसार जांच हो और यह प्रक्रिया चल रही है।



# बांग्लादेश ने पश्चिम बंगाल से सटी सीमा पर ड्रोन तैनात किए, भारत हाई अलर्ट पर

**नईदिल्ली/एजेंसी।**

भारत और बांग्लादेश के बीच तनाव बढ़ता ही जा रहा है।अब एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि बांग्लादेश ने भारत से सटी सीमा पर तुर्की में बने ड्रोन को तैनात कर दिया है। इसके बाद पहले से अलर्ट भारत और भी ज्यादा सक्रिय हो गया है।दूसरी ओर, बांग्लादेश ने कोलकाता से अपने उप-उच्चायुक्त को वापस देश बुला लिया है। कोलकाता में बांग्लादेशी मिशन के बाहर हुए प्रदर्शन के चलते ये फैसला लिया गया है।



रिपोर्ट के मुताबिक, बांग्लादेश ने पश्चिम बंगाल से सटी सीमा पर तुर्की निर्मित बायरैक्टर टीबी 2 ड्रोनों को तैनात किया है।इन ड्रोनों का संचालन बांग्लादेश की 67वीं सेना खुफिया और निगरानी मिशनों के लिए करती है। मामले पर अभी सेना की प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है, लेकिन भारत ने सीमा पर निगरानी बढ़ा दी है।बांग्लादेश का कहना है कि उसने ड्रोन की तैनाती रक्षा उद्देश्यों के लिए की है।

बांग्लादेश ने कोलकाता में कार्यवाहक उप-उच्चायुक्त मोहम्मद अशरफुर रहमान को तत्काल ढाका बुला लिया है।बांग्लादेश उप-उच्चायोग के एक अधिकारी ने बताया कि रहमान पहले ही ढाका पहुंच चुके हैं।अधिकारी ने कहा, रहमान को न केवल प्रदर्शनों पर चर्चा के लिए बुलाया गया है, बल्कि वे अगले सप्ताह दोनों देशों के विदेश सचिव स्तर की वार्ता के दौरान बांग्लादेशी प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा भी रहेंगे। उम्मीद है कि वे इसी महीने के मध्य तक कोलकाता लौट आएंगे।

त्रिपुरा की राजधानी अगरतला में स्थित बांग्लादेश सहायक उच्चायोग ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए 3 दिसंबर से सभी वीजा और वाणिज्यिक सेवाओं को अस्थायी रूप से बंद कर दिया है।यह फैसला एक दिन पहले प्रदर्शनकारियों के मिशन परिसर में घुसकर तोड×फोड़ करने के बाद लिया गया है।इस घटना के विरोध में बांग्लादेश ने ढाका में भारतीय उच्चायुक्त को तलब किया था। भारतीय विदेश मंत्रालय ने भी घटना पर खेद जताया था।

बांग्लादेश अपने नोटों में छपी पूर्व राष्ट्रपति और बांग्लादेश के संस्थापक के रूप में पहचान रखने वाले शेख मुजीबुर्रहमान की तस्वीर भी हटाने जा रहा है।सरकार ने नए नोटों को छापने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है, जिसमें धार्मिक संरचनाएं, बंगाली परंपराएं और जुलाई में हुए छात्र आंदोलन की तस्वीरों को शामिल किया जाएगा।इससे पहले खबर आई थी कि मुजीबुर्रहमान की पुण्यतिथि और जन्मदिन मनाने पर भी रोक लगा दी गई है।

25 नवंबर को बांग्लादेश में हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास को गिरफ्तार कर लिया गया था। उन पर चटगांव में भगवा झंडा फहराने और देश के झंडे के अपमान का आरोप था।इसके बाद पूरे बांग्लादेश में उनकी रिहाई के लिए प्रदर्शन होने लगे। बाद में दास को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। इसके बाद हिंदुओं पर अत्याचार को लेकर भारत और बांग्लादेश के बीच तनाव है।

## पीएम मोदी तीन दिवसीय अष्टलक्ष्मी महोत्सव का करेंगे उद्घाटन

● पूर्वोत्तर भारत के सांस्कृतिक विरासत की दिखेगी झलक

**नई दिल्ली/एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को दिल्ली के प्रगति मैदान में तीन दिवसीय 'अष्टलक्ष्मी महोत्सव' का उद्घाटन करेंगे। पहली बार आयोजित हो रहे इस कार्यक्रम में पूर्वोत्तर के कई राज्यों की विशाल सांस्कृतिक विरासत की झलक देखने को मिलेगी।

पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय 6 से 8 दिसंबर तक दिल्ली के भारत मंडपम में पहली बार तीन दिवसीय अष्टलक्ष्मी महोत्सव का आयोजन करेगा। इस कार्यक्रम में शिल्प, कला, संस्कृति और पूर्वोत्तर की विविधता के मिश्रण का व्यावसायिक रूप से प्रदर्शन किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे।

दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित अष्टलक्ष्मी महोत्सव में पूर्वोत्तर के आठ राज्यों की सांस्कृतिक, सामाजिक और आर्थिक विरासत की प्रदर्शनी लगेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संकल्पना, विकसित भारत के लक्ष्य पाने में पूर्वोत्तर की भूमिका पर सत्र का भी आयोजन होगा। महोत्सव में महिला नेतृत्व, सूचना प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, स्वास्थ्य सेवा, खेल, कला और संस्कृति पर तकनीकी सत्र आयोजित किए जाएंगे।

## आरबीआई ने किसानों को दी बड़ी सौगात
# बिना ब्याज मिलेगा 2 लाख का लोन

एजेंसी

**मुंबई/नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने किसानों को बड़ी सौगात दी है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को किसानों के लिए बिना किसी गारंटी के 2 लाख रुपये का तक का लोन मुहैया कराने की घोषणा की है। फिलहाल ये सीमा 1.6 लाख रुपये है।

रिजर्व बैंक गवर्नर शक्तिकांत दास ने मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की समीक्षा बैठक में लिये गए फैसले की जानकारी देते हुए बताया कि मुद्रास्फीति और कृषि में उपयोग होने वाले कच्चे माल की लागत में वृद्धि के मद्देनजर गारंटी मुक्त कृषि ऋण की सीमा को 1.6 लाख रुपये से बढ़ाकर दो लाख रुपये करने का निर्णय किया गया है। शक्तिकांत दास ने कहा कि रिजर्व बैंक ने बढ़ती महंगाई से परेशान किसानों को राहत देने के उद्देश्य से ये फैसला लिया गया है। उन्होंने कहा कि इससे वित्तीय संस्थानों से कर्ज लेने को लेकर छोटे और सीमांत किसानों का दायरा बढ़ेगा। आरबीआई ने गवर्नर बताया कि इस संबंध में परिपत्र जल्द ही जारी किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि आरबीआई ने 2010 में कृषि क्षेत्र को बिना किसी गारंटी के एक लाख रुपये देने की सीमा तय की थी। इसके बाद 2019 में इसको बढ़ाकर 1.6 लाख रुपये कर दिया गया था।

## प्रोटेम स्पीकर ने विधानसभा सत्र को लेकर की बैठक, दिए कई निर्देश

संवाददाता

**रांची।** विधानसभा के प्रोटेम स्पीकर स्टीफन मराण्डी ने अपने कार्यालय कक्ष में षष्ठम्‌ विधान सभा के प्रथम सत्र को लेकर विभागों के वरीय पदाधिकारियों के साथ शुक्रवार को उच्चस्तरीय बैठक की। सत्र को ध्यान में रखते हुए प्रोटेम स्पीकर ने राज्य के मुख्य सचिव सहित अन्य विभागों के वरीय पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। नये सदस्यों के आवासन एवं सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में दिशा-निर्देश दिये गए।



मुख्य सचिव ने बैठक में स्पीकर को अवगत कराया कि सत्र को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त सुरक्षा बल और दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति कर दी गयी है।

सत्र के दौरान पर्याप्त चिकित्सकों की व्यवस्था के अलावे आवश्यक जीवन रक्षक दवा और एम्बुलेंस की भी सुविधा उपलब्ध कराने का भी निर्देश बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष ने दिये। साथ ही विधानसभा आने के क्रम में किसी भी प्रकार के अनावश्यक भीड़-भाड़ तथा उचित ट्रैफिक प्रबंधन के संबंध में भी बैठक में चर्चा हुई। बैठक में मुख्य सचिव ने अवगत कराया कि सत्र के दौरान पदाधिकारी दीर्घा में वरीय पदाधिकारियों के प्रतिनियुक्ति संबंधी आदेश निर्गत किये जा चुके है। बैठक में मुख्य सचिव अलका तिवारी और पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता सहित संबंधित विभागों से सचिव और अन्य उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि 9 दिसंबर से विधानसभा का सत्र शुरू होगा।

## आत्मनिर्भरता > 9 दिसंबर को रूस के कलिनिनग्राद में भारत को मिलेगा नया प्रहरी
# राजनाथ सिंह भारत को सौंपेंगे समुद्र का नया प्रहरी 'तुशील'


एजेंसी

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह नौ दिसंबर को रूस के कलिनिनग्राद में भारत को समुद्र का नया प्रहरी स्टील्थ गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट 'तुशील' सौंपेंगे। कमीशनिंग के बाद आईएनएस तुशील भारतीय नौसेना के पश्चिमी बेड़े कमान के तहत 'स्वॉर्ड आर्म' का हिस्सा होगा और दुनिया में सबसे अधिक तकनीकी रूप से उन्नत फ्रिगेट में शुमार हो जाएगा। यह न केवल भारतीय नौसेना की बढ़ती समुद्री क्षमताओं का प्रतीक है, बल्कि भारत-रूस साझेदारी का प्रमाण भी है।

नौसेना के मुताबिक आईएनएस तुशील परियोजना के लिए मास्को स्थित भारतीय दूतावास के तत्वावधान में अक्टूबर, 2016 में जेएससी रोसोबोरोनएक्सपोर्ट, भारतीय नौसेना और भारत सरकार के बीच अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए थे। इसी परियोजना के छह जहाज पहले से ही भारतीय नौसेना की सेवा में हैं। इनमें से तलवार श्रेणी के तीन जहाजों का निर्माण सेंट पीटर्सबर्ग के बाल्टिस्की शिपयार्ड में हुआ है, जबकि तीन अनुवर्ती टेग श्रेणी के जहाज कलिनिनग्राद के यंतर शिपयार्ड में निर्मित हैं। आईएनएस तुशील इस श्रृंखला का सातवां जहाज है, जिसके लिए कलिनिनग्राद में तैनात युद्धपोत निगरानी दल के विशेषज्ञों की एक भारतीय टीम ने जहाज के निर्माण की बारीकी से निगरानी की।

यह युद्धपोत निर्माण के बाद इस साल जनवरी से शुरू हुए कई व्यापक परीक्षणों से गुजरा है, जिसमें फैक्टरी सी ट्रायल, स्टेट कमेटी ट्रायल और अंत में भारतीय विशेषज्ञों की एक टीम के डिलीवरी स्वीकृति परीक्षण शामिल थे। इस दौरान जहाज पर लगे सभी रूसी उपकरणों का परीक्षण किया गया, जिसमें हथियार फायरिंग भी शामिल थी। परीक्षणों के दौरान जहाज ने 30 नॉटिकल से ज्यादा की गति दर्ज की। इन सफल परीक्षणों के बाद भारतीय नौसेना 09 दिसंबर को रूस के कलिनिनग्राद में अपने नवीनतम बहु भूमिका वाले स्टील्थ गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट आईएनएस तुशील को अपने बेड़े में शामिल करने के लिए पूरी तरह तैयार है। इसके बाद यह जहाज युद्ध के लिए तैयार स्थिति में भारत पहुंचेगा।

● रूसी शिपयार्ड में भारतीय टीम की निगरानी में हुआ स्टील्थ गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट का निर्माण



### अत्याधुनिक तकनीकों से लैस है 'तुशील'

नौसेना के कैप्टन विवेक मधवाल ने बताया कि जहाज के नाम 'तुशील' का अर्थ 'रक्षक कवच' और इसका शिखर 'अभेद्य कवच' का प्रतिनिधित्व करता है। अपने आदर्श वाक्य 'निर्भय, अभेद्य और बलशील' (निडर, अदम्य, दृढ़) के साथ यह जहाज देश की समुद्री सीमाओं की रक्षा और सुरक्षा के लिए भारतीय नौसेना की अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह 125 मीटर लंबा, 3900 टन वजनी जहाज रूसी और भारतीय अत्याधुनिक तकनीकों से लैस है। भारतीय नौसैनिक विशेषज्ञों के सहयोग से जहाज की स्वदेशी सामग्री को 26 प्रतिशत तक बढ़ाया गया है। इसके निर्माण में भारतीय ओईएम ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, केलट्रॉन, टाटा से नोवा इंटीग्रेटेड सिस्टम, एल्कोम मरीन, जॉनसन कंट्रोल्स इंडिया शामिल थे।

## सुप्रीम कोर्ट ने मिशेल की याचिका पर सीबीआई को किया जवाब तलब

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने अगस्ता वेस्टलैंड हेलिकॉप्टर कथित घोटाला मामले में दिसंबर 2018 से न्यायिक हिरासत में यहां जेल में बंद ब्रिटिश नागरिक क्रिस्टीना मिशेल की जमानत याचिका पर केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से चार सप्ताह के भीतर अपना पक्ष रखने का शुक्रवार को निर्देश दिया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी वराले की पीठ ने मिशेल की अपील पर सुनवाई करते हुए सीबीआई को जवाब देने का आदेश पारित किया।

दिल्ली उच्च न्यायालय से 25 सितंबर को अपनी जमानत याचिका खारिज किए जाने के बाद उसने शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया। उसने अधिवक्ता अल्जो के. जोसेफ के माध्यम से यह अपील दायर की।

इससे पहले एक निचली (दिल्ली की) ने हिरासत से रिहाई की मांग करने वाली उसकी इसी तरह की याचिका खारिज कर दी थी। मिशेल को दिसंबर 2018 में भारत प्रत्यर्पित किया गया था और तब से वह न्यायिक हिरासत में है। गौरतलब है कि शीर्ष न्यायालय ने फरवरी 2023 और इस साल मार्च में उसकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी। मिशेल पर भारत सरकार द्वारा वीवीआईपी हेलिकॉप्टरों की खरीद से संबंधित अनियमितता मामले में शामिल होने के आरोप हैं।

# स्मृति में संसार, स्मृति से संसार

स्मृति को सामान्यतया अतीत का भाग कहा जाता है लेकिन स्मृति हमेशा वर्तमान होती है। घटनाएं या विचार अभिव्यक्ति या अन्य सरोकार बेशक अतीत का भाग होते हैं लेकिन उनकी स्मृति हमेशा वर्तमान है। अच्छी स्मृति परम सौभाग्य है। जो जितना जीवंत है, वह उतना ही स्मृतिपूर्ण। जीवन के अंतिम भाग में स्मृति क्षीण होती जाती है। बुढ़ापा में परिजन बताते हैं कि अब वे पहचान नहीं पाते। स्मृति समृद्धि परिपूर्ण तरुणाई है और स्मृतिलोप परिपूर्ण रुग्णता। परिवार, सम्पत्ति, ममत्व, अपनत्व, नेह–स्नेह का घनत्व सब कुछ स्मृति के सहारे हैं। स्मृति गई तो सब कुछ गया। स्मृति में संसार है। स्मृति से संसार है। स्मृति नहीं तो संसार नहीं। स्मृति में शुभ है, अशुभ भी है। स्मृति के अनेक भाग आहतकारी होते हैं और अनेक भाग आह्लादकारी। भारतीय चिंतन में स्मृति को विशेष महत्व मिला है। याज्ञवल्क्य स्मृति और मनुस्मृति आदि चर्चित स्मृतियां हैं। मनुस्मृति की प्रशंसा नीत्से जैसे विद्वानों ने की और भर्त्सना डॉ. अम्बेडकर जैसे महान नेताओं ने। मनुस्मृति में एक कल्पित विधि व्यवस्था है। ऐसी विधि व्यवस्था भारतीय इतिहास की किसी भी राज्यव्यवस्था में नहीं थी।

अंग्रेजी राज में बेशक अनुसूचित जातियों के एक बहुत बड़े भाग को आपराधिक जातियां घोषित किया गया था। ब्रिटिश संसद ने क्रिमिनल ट्राइब एक्ट बनाया था। समाज के सक्रिय और श्रमशील भाग को जाति जन्म के कारण अपराधी घोषित किया गया था। क्रिमिनल ट्राइब एक्ट की स्मृति अंग्रेजीराज के प्रति घृणाभाव पैदा करती है। 'स्मृति' तंत्र अद्भुत है। देखे, सुने, पढ़े और अनुभूति प्रतीति का संचित कोष। स्मृति और विवेक ज्ञान का पर्याय हैं। ब्रिटेन के प्रतिष्ठित स्मृति विशेषज्ञ ईडी कूक ने स्मृति क्षमता के विकास पर मजेदार बात कही है। कूक के अनुसार ''रोमांस और यौन संबंधों के बारे में सोचने से मस्तिष्क तीव्र होता है। भावनाएं और आकर्षण मिलते हैं, रुचि बढ़ती है। इससे स्मृति क्षमता में वृद्धि होती है।'' कूक ने जोड़ा है कि प्राचीन रोम और यूनान के राजनेता और तर्कशास्त्री वाद–विवाद के पूर्व यौन सम्बंध और रोमांस के बारे में सोचते थे। उनका मानना था कि इससे तर्कशक्ति का विकास होता है।'' भारतीय परंपरा में स्मृति क्षमता के लिए सतत अध्ययन व 'शांति पाठ' का प्रावधान है। हरेक उपनिषद् के प्रारम्भ व अंत में शांति पाठ के मंत्र हैं।

अशांत चित्त ज्ञान ग्राह्य नहीं होता। प्रशांत चित्त की ग्रा'ता का क्या कहना? पढ़े या सुने को स्मृति का स्थायी भाव बनाने के लिए पाठ के अंत में फिर से शांति पाठ की व्यवस्था है। केनोपनिषद् के शांतिपाठ में स्तुति है ''यहां प्रतिपादित तत्व मुझमें रहें, मैं उनमें रहूं।'' मेरा सुना देखा गया सुरक्षित रहे। ऐतरेय उपनिषद का शांति पाठ ध्यान देने योग्य है, ''मेरी वाणी मन में स्थिर हो। मन वाणी में स्थिर हो। मन और वाणी अलग अलग न हो। हे मन और वाणी! तुम दोनों मुझे ज्ञान प्राप्त कराओ। आचार्य से सुना और अनुभव से प्राप्त ज्ञान मेरा त्याग न करे। यहाँ स्मृति को सुदृढ़ और सर्वकालिक बनाने की स्तुति है। यौन विचार या रोमांस चित्त प्रशांत नहीं करते। चित्त अशांत करने में ही उनकी भूमिका है और अशांत चित्त मूल स्मृति को भी अव्यवस्थित करते हैं। स्मृति ज्ञान संपदा है। हमारा भोगा और जाना हुआ सार। पाया हुआ, खोया हुआ, कहा सुना और पढ़ा हुआ अमूल्य संचय। यहां कोई चुनाव नहीं। स्मृति में सार्थक निरर्थक का सहअस्तित्व है। इतिहास स्मृति है और संस्कृति भी। वेद, भौतिकी, पराभौतिकी, खगोल या भूगोल भी स्मृति हैं। वैदिक संहिता को श्रुति कहा जाता है। वे सुने गये हैं। तब लिपि नहीं थी। वे सुनाए गये थे। तब वे सुनाने वाले ऋषियों की स्मृति में थे। बाद में सुनने वाले भाग्यवानों की स्मृति का भाग बने।

स्मृति में अनंत रंग रूप हैं। इनमें से सत्य, शिव और सुंदर का चयन हमारा काम है। सत्य, शिव और सुंदर के निर्णय भी हम स्मृतिकोष से ही करते हैं। स्मृतिकोष में उपस्थित तथ्यों से उनकी जांच करते हैं। तब उन्हें सत्य–असत्य, शिव–अशिव या सुन्दर असुन्दर के खांचे में डालते हैं। हमारा चित्त निर्णायक भूमिका का निर्वहन करता है। लेकिन निर्णय के हरेक क्षण और चुनौती में स्मृति ही आधारभूत भूमिका निभाती है। स्मृति प्रकृति का प्राणवान उपहार है मानव जाति के लिए। मनुष्य को ही क्यों सभी प्राणियों के लिए भी। पौधों की संवेदनशीलता स्मृतिपूर्ण है। वे पानी देने वाले किसान या कर्मचारी को देखकर प्रसन्न होते हैं और लकड़ी काटने वाले को देखकर सन्न। पशु भी पालक को देखकर पुलकित होते हैं और कसाई को देखकर भयग्रस्त। सारे खेल प्रकृति और स्मृति के हैं। स्मृति हमें सचेत करने का काम करती है। निर्णय लेना हमारा ही काम है। पान मसाले की पुड़िया पर ''स्वास्थ्य के लिए खतरा है/तम्बाकू जानलेवा है'' पढ़कर भी हम सजग नहीं होते। स्मृति संदेश देती है। अशुभ के प्रति सावधान करती है। शुभत्व के प्रति प्रेरित भी करती है। गीता में स्मृति को सर्वोत्तम लब्धि बताया गया है। श्रीकृष्ण ने अर्जुन को ज्ञान दर्शन व तत्व दर्शन बताया। अर्जुन ने अंत में कहा ''नष्टो मोहा, स्मृति लब्धा तव प्रस–ादान्मान अच्युत–मोह नष्ट हुआ। आपके प्रसाद से स्मृति मिल गयी।'' मोह का अर्थ है–अनावश्यक से लगाव। मोह समाप्त हुआ। मोह नष्ट होना बोध प्राप्ति नहीं है।

स्मृतिलाभ वास्तविक लाभ है। अर्जुन को मिली स्मृति असाधारण है। हमारी स्मृति में अपने गांव, क्षेत्र की सड़कों के नाम, संख्या, लम्बाई, चौड़ाई हो सकते हैं। मित्रों–शत्रुओं के नाम, फोन नंबर भी स्मृति का भाग हो सकते हैं। होते भी हैं। अर्जुन के पास ऐसी स्मृति थी। यहां वस्तुतः मूल स्मृति का उल्लेख है। हम अनंत के अंश हैं। हम अनंत ही हैं लेकिन हमारा बोध इकाई का है। हमारे स्मृतिकोष के सारे अनुभव अंशी हैं। हम हैं, वस्तुएं हैं। हम हैं और वन उपवन। हम हैं और यह संसार है। गहन सम्पूर्णता के बोध में हमारी स्मृति संपूर्ण को समेट लेती है। वृहदारण्यक उपनिषद् के एक मंत्र में ऋषि ऐसी ही स्मृति की चर्चा करते हैं ''यह पूर्ण है, वह पूर्ण है, यह पूर्ण उस पूर्ण का विस्तार है। पूर्ण में पूर्ण घटाओ तो पूर्ण ही शेष बचता है।'' गीता में इसी स्मृति की चर्चा है। कथावाचक ज्ञानी प्रोफेसर या आचार्य पूर्ववर्ती विद्वानों के ज्ञान का उल्लेख करते हैं। हम उन्हें विद्वान कहते हैं। स्मृति और विवेक के कारण ही वे विद्वान हैं। गीता में ज्ञान परंपरा है। कृष्ण ने अर्जुन को बताया था कि ''यह ज्ञान मैंने ही सूर्य को दिया था फिर परंपरा से तमाम ज्ञानियों, राजर्षियों तक पहुंचा लेकिन काल के प्रभाव में यह ज्ञान नष्ट हो गया। वही ज्ञान मैं तुमको दे रहा हूं।'' यहां राष्ट्रीय स्मृति की चर्चा है। अर्जुन ने कहा कि ये सारे लोग बहुत पहले हुए थे। कृष्ण ने कहा ''हमारे तुम्हारे तमाम जन्म हो चुके। मैं जानता हूं, तू नहीं जानता।'' श्रीकृष्ण की स्मृति गहरी है। अर्जुन की सामान्य। श्रीकृष्ण की स्मृति में अपने संभवन का सम्पूर्ण इतिहास है। अर्जुन की स्मृति में तात्कालिक जीवन की स्मृति। 'स्मृति लब्ध' शब्द महत्वपूर्ण है। तब अंश, सम्पूर्ण हो जाता है। स्मृति आंतरिक दिव्यता है रोमांस चर्चा से इसकी क्षमता नहीं बढ़ती। कामसूत्र के रचनाकार वात्स्यायन ने इसे स्मृति क्षीणता का कारक बताया है। श्वेताश्वतर उपनिषद में हम सबको अमृत पुत्र कहा गया है। यह बात हम सबको स्मृति में सुरक्षित रखनी है।

# दिल्ली चुनावी जंग में कौन सत्ता का ताज पहनेगा?



ललित गर्ग

दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों के लिए फरवरी 2025 या उससे पहले चुनाव होने की संभावनाओं को देखते हुए राजनीतिक हलचलें एवं सरगर्मियां उग्र हो गयी है। इस बार के चुनाव में आम आदमी पार्टी लगातार तीसरी बार सत्ता में लौटने की तैयारी में जुट गई है। वहीं, भाजपा और कांग्रेस इस बार सत्ता में वापसी की तैयारी में जुटी है। भाजपा दिल्ली विधानसभा चुनाव दूसरे प्रांतों की ही भांति बिना किसी मुख्यमंत्री चेहरे के लड़ने का मन बना चुकी है और केंद्र सरकार की योजनाओं को जनता के बीच रखेगी। पार्टी का मानना है कि लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व से प्रभावित हो सकते हैं। दिल्ली में भाजपा के पास एक से एक मजबूत नेता हैं, लेकिन इनमें से कोई भी नेता मुख्यमंत्री के रूप में पार्टी के लिए पेश नहीं किया जा रहा है। भाजपा दिल्ली में अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए नए तरीके से चुनावी तैयारियों में जुट चुकी है, वही कांग्रेस अपनी खोयी जमीन को हासिल करने के लिये जद्दोजहद करती हुई दिखाई दे रही है। निश्चित ही इस बार का दिल्ली चुनाव आक्रामक एवं संघर्षपूर्ण त्रिकोणात्मक होगा। आप, कांग्रेस एवं भाजपा की चुनावी जंग में कौन सत्ता का ताज पहनेगा, यह भविष्य के गर्भ है। दिल्ली में भाजपा के लिए यह चुनाव चुनौतीपूर्ण होने के साथ संघर्षपूर्ण भी है। 2015 और 2020 के विधानसभा चुनावों में, जहां पार्टी को शानदार प्रदर्शन की उम्मीद थी, उसे आम आदमी पार्टी से हार का सामना करना पड़ा। तब भाजपा को दिल्ली में मुख्यमंत्री का चेहरा प्रस्तुत करने से कोई बड़ा लाभ नहीं हुआ। इसके बजाए, भाजपा अब चुनावी रणनीतियों में बदलाव कर रही है और अपनी शक्ति को पार्टी संगठन और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उनकी लोककल्याणकारी योजनाओं के बल पर मजबूत करने का प्रयास कर रही है। यही कारण है कि दिल्ली भाजपा आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव में केंद्र सरकार के काम और योजनाओं को जनता के बीच रखेगी। पार्टी के रणनीतिकारों का मानना है कि दिल्ली के लोग इससे ज्यादा प्रभावित हो सकते हैं, खासकर जब बात विकास, सुरक्षा, चिकित्सा और शिक्षा जैसे मुद्दों की हो। अगर भाजपा बिना किसी प्रमुख चेहरे के चुनाव लड़ती है तो यह असमंजस की स्थिति बनने की संभावनाएं तो पैदा कर ही सकती हैं। दूसरी ओर, यह फैसला एक रणनीतिक कदम हो सकता है, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी की प्रतिष्ठा का इस्तेमाल करके अन्य प्रांतों की भांति दिल्ली में भी चमत्कार घटित हो सकता है। भाजपा ने यह भी तय किया है कि दिल्ली की जनता को बताया जाएगा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उनके साथ वादाखिलाफी की है, वे बेहतर



स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा और सड़कों की स्थिति में सुधार का वादा करके उन्हें जर्जर करते रहे हैं। भाजपा का मानना है कि मोदी सरकार की योजनाएं देशभर में सफलता प्राप्त कर रही हैं और इन्हें दिल्ली में लागू किया जाएगा। भाजपा को दिल्ली में हमेशा मिडिल और हाई मिडिल क्लास के लोगों की पार्टी माना जाता है। इसमें व्यापारिक समुदाय इसके कट्टर समर्थक हैं। लेकिन इस बार निचले तबको एवं गरीब लोगों के बीच उसे प्रभावी प्रयास करने होंगे। यह तो दिखता हुआ सच है कि दिल्ली में आप शासन में विकास अवरूद्ध हुआ है, पर्यावरण की समस्या उग्रतर हुई है, आप नेताओं पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे एवं उनके नेता जेल यात्राएं की है। ऐसे अनेक गंभीर आरोपों के साथ भाजपा आप और उसके नेताओं पर आक्रमक होकर चुनावी परिदृश्यों को बदल सकती है। भाजपा ने कमर कस ली है और उसके नेता लगातार जनता के बीच जाकर बदलाव की अपील कर रहे है। इसके तहत इन दिनों जहां परिवर्तन सभाओं का आयोजन किया जा रहा है, वहीं अगले हफ्ते से पूरी दिल्ली में परिवर्तन यात्राएं भी निकाली जाएंगी। इन यात्राओं के माध्यम से आम मतदाताओं से निजी तौर पर मिलते हुए, उनसे बात करते हुए उनको पार्टी के साथ जोड़ा जायेगा। उनके दुःख–दर्द को सुना जायेगा। भाजपा का इतिहास रहा है कि वह आम जन तक पहुंचने के लिए ऐसी यात्राएं निकालती रही है एवं व्यक्तिगत संवाद स्थापित करती रही है। भाजपा नेता सतीश उपाध्याय ने कहा कि दिल्ली में एक भ्रष्ट सरकार चल रही है लेकिन अब तो रंगदारी, वसूली, फिरौती और आम नागरिकों के बीच डर पैदा करने की भी कोशिश की जा रही है। इसके चलते दिल्ली की जनता अब सत्ता परिवर्तन के मूड में है और देशविरोधी मानसिकता वाली सरकार को इस बार विधानसभा से उखाड़ फेंकने का मन बना चुकी है। देखना है कि भाजपा के इन आरोपों का जनता पर कितना असर होता है। निश्चित ही दिल्ली में आम आदमी पार्टी की जमीन अभी भी मजबूत है। इसीलिये 2025 के चुनाव कांग्रेस एवं भाजपा के लिये चुनौतीपूर्ण होने वाले है। 2020 में हुआ विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी ने 62 सीटें जीती थीं। वहीं भाजपा को महज 8 सीटों पर जीत मिली थी। कांग्रेस का लगातार दूसरी बार दिल्ली से सफाया हो गया था। इस बार के चुनाव से पहले अरविंद केजरीवाल ने अपने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। उसके बाद आतिशी मार्लेना राज्य की मुख्यमंत्री बनी हैं। आप नेताओं ने चुनाव अभियान प्रारंभ कर दिया है। दिल्ली में आगामी विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस के साथ गठबंधन न करने का फैसला किया है। आप ने पिछले दो विधानसभा चुनावों में भारी अंतर से जीत हासिल की है। आप के आंतरिक सर्वेक्षण बताते हैं कि आप इस चुनाव में भी आसानी से जीत की ओर बढ़ रही हैं। इन स्थितियों में आप क्यों कांग्रेस या अन्य पार्टी के साथ गठबंधन करें? आप अभी भी निम्न–मध्यम वर्ग और झुग्गी–झोपड़ियों वाले इलाकों में काफी लोकप्रिय है।

आप का वोट शेयर पहले की तुलना में बढ़ा है और कांग्रेस कमजोर हुई है। हालांकि, 2013 में अपने पहले चुनाव के बाद से आप का वोट शेयर लगातार बढ़ता रहा। जबकि पिछले दशक में कांग्रेस को वोट देने वालों की संख्या में काफी कमी आई है। आप ने 2013 में अपने आश्चर्यजनक प्रदर्शन के साथ, कुल मतदान का 29 प्रतिशत वोट प्राप्त किया था। पार्टी को 70 में से 28 सीटों पर जीत मिली थी। आप ने कांग्रेस के वोट बैंक में सेंध लगाई थी। इससे कांग्रेस का वोट शेयर घटकर 24.5 प्रतिशत और सिर्फ आठ सीटों के साथ तीसरे स्थान पर आ गई थी। इसके बाद 2015 और 2020 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस का वोट शेयर क्रमशः 9.7 प्रतिशत और 4.3 प्रतिशत तक गिर गया। वहीं, आप ने 54.6 प्रतिशत और 53.6 प्रतिशत वोट शेयर के साथ भारी जनादेश हासिल किया। लेकिन इस बार विधानसभा चुनाव में कांग्रेस एवं आप के बीच गठबंधन न होने का फायदा भाजपा को मिलता हुआ दिख रहा है। असल में आप के वोट कांग्रेस ही काटेगी।

कांग्रेस एक पुरानी राजनीतिक पार्टी है, जिसका दिल्ली में व्यापक जनाधार रहा है। लेकिन वह 'जीत' और 'गठबंधन' की मृगमरीचिका में भटकती रही है, अपनी स्वतंत्र पहचान को खोती रही है। आखिर कमजोर सियासी बैशाखियों के सहारे वह कैसे जीत को सुनिश्चित कर सकती है? कांग्रेस की एक ओर बड़ी विडम्बना है कि वह जरूरी मुद्दों को उठाने की बजाय मोदी–विरोध का ही राग अलापती रही है। मुद्दों के बियाबान में भटकती और फिर स्टैंड बदलती नजर आती है तो इसके केन्द्रीय नेतृत्व एवं रणनीतिकारों पर तरस आती है। जबकि कांग्रेस के जमीनी नेताओं के पास रणनीति और जनाधार दोनों है, इसलिए उसके जमीनी नेता व्यक्तिवादी मिशन में सफल रहे, लेकिन कांग्रेस दिन ब दिन डूबती चली गई। राजनीतिक परिस्थिति वश कभी दो डग आगे तो चार कदम पीछे चलने को अभिशप्त हो गई। इन स्थितियों में दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस कोई करिश्मा या चमत्कार कर पायेगी, इसमें संदेह ही है।

# खालिस्तानी आतंक के मुहाने पर लौटता पंजाब!



मनोज कुमार अग्रवाल

हाल ही में एक के बाद एक ऐसी वारदातों की पुनरावृत्ति हो रही है जिनसे पंजाब की अमन–चैन को खतरा पैदा करने के लिए साजिश का पर्दाफाश हो रहा है। हाल ही में पंजाब के उपमुख्यमंत्री और शिरोमणी अकाली दल के प्रमुख सुखबीर सिंह बादल पर स्वर्ण मंदिर के बाहर हुआ हमला यह साबित करता है कि पंजाब में फिर से कट्टरपंथी सर उठा रहे हैं और उनको कुचलने के लिए शख्त कदम उठाने की जरूरत है। जिस प्रकार से बादल पर हमला हुआ, साफ है कि वाहे गुरु की उन पर कृप्या थी, नहीं तो ऐसे हमलों में बचना नामुमकिन ही होता है। शूटर बादल से कुछ फीट की दूरी पर था, लेकिन सुरक्षा में लगे एएसआई जसबीर सिंह और बंदूकधारी को काबू करने में मदद करने वाले एक सेवादार (स्वयंसेवक) के समय पर सतर्कता ने एक प्रासदी को टाल दिया। लेकिन इस हमले ने बढ़ती खालिस्तानी आतंक की धमक का ऐहसास जरूर करा दिया है। बादल पर हमला करने वाले आरोपी की पहचान नारायण सिंह चौरा के रूप में हुई है, जो आतंकवादी समूह खालिस्तान लिबरेशन आर्मी (अब निष्क्रिय) का सदस्य रह चुका है। वह जेल से फरार होने में सजा काट चुका है। जानकारी के अनुसार वह 1984 में पाकिस्तान जा चुका है और वहां वह पंजाब में हथियारों और विस्फोटकों की बड़ी खेप की तस्करी में मदद करता था। पाकिस्तान में रहते हुए वह कथित तौर पर गुरिल्य युद्ध और देशद्रोही साहित्य पर एक किताब भी लिख चुका है। वह बुड़ैल जेलब्रेक मामले में भी भी आरोपी है। नारायण इससे पहले पंजाब की जेल में सजा काट चुका है। साल 2004 में जेल तोड़कर चार खालिस्तानी आतंकी फरार हो गए थे। आरोप है कि उसने इस कांड में आकियों की मदद की थी और चारों कैदी 94 फुट लंबी सुरंग खोदकर जेल से भाग निकले थे। हालांकि इस मामले में कोर्ट ने आरोपियों को बरी कर दिया था। माना जा रहा है कि यह हमला बदले की भावना के तहत सोची समझी रणनीति का हिस्सा था। यह सनसनीखेज हत्या की कोशिश लगभग दो दशकों से पंजाब में पनप रहे असंतोष और धार्मिक उग्रवाद की अभिव्यक्ति थी। हालांकि यह सिर्फ कयास है, क्योंकि हमला उसने क्यों किया यह तो जांच के बाद ही पता चल सकता है। मगर इसमें कोई दो मत नहीं है कि हमलावर अतीत में हत्या, हत्या का प्रयास, हथियार और विस्फोटक रखने तथा उग्रवाद जैसे गंभीर अपराधों में शामिल रहा है। इसके साथ ही पाकिस्तान स्थित सिखा आतंकवादी संगठनों के नेतृत्व के साथ लगातार संपर्क में था। दरअसल पाकिस्तान ने न केवल पिछले कई वर्षों से बब्बर खालसा इंटरनेशनल और खालिस्तान टाइगर फोर्स जैसे प्रमुख खालिस्तान समर्थक संगठनों के नेतृत्व को पनाह दी, बल्कि सिख फॉर जस्टिस के 'खालिस्तान रेफरेंडम 2020' जैसी परियोजनाओं के माध्यम से खालिस्तान समर्थक विचारधारा को बढ़ावा देना जारी रखा। सिख प्रवासी समुदाय, जिसमें चरमपंथियों का बोलबाला है। ये खालिस्तान समर्थक तत्वों को धन और संसाधन मुहैया कराते हैं। वहीं, पाकिस्तान समर्थित तत्व सांप्रदायिक तनाव को बढ़ावा देते हैं। ये हथियारों की निरंतर सप्लाई सुनिश्चित करते हैं। यूएपीए जैसे कानून भी चौरा जैसे आतंकवादियों को लंबे समय तक रोक नहीं पाए। इससे उसे अदालतों से राहत मिल गई और वह फिर से चरमपंथी गतिविधियों में लग गया। इससे कट्टरपंथियों की तरफ से किसी भी उदारवादी आवाज को कुचलने का खतरा और भी वास्तविक हो गया। दरअसल पंजाब ने 1980 के दशक के मध्य से 1990 के दशक के मध्य तक खालिस्तान नामक एक अलग सिख राज्य की मांग के लिए सक्रिय उग्रवाद देखा है। सशस्त्र अलगाववादी आंदोलन को बड़े पैमाने पर पंजाब पुलिस और अर्धसैनिक बलों द्वारा निपटाया गया था, जिसमें सेना का कभी–कभी इस्तेमाल हुआ। 1992 के विधानसभा चुनावों में आतंकवाद की छाया में मतदान हुआ, जिसमें लगभग 24 प्रतिशत मतदान हुआ था। कुछ प्रभावी आतंकवाद विरोधी अभियानों के बाद आंदोलन कमजोर और फीका पड़ गया। लेकिन इस आंदोलन को विदेशी धरती से संचालित विभिन्न सिख संगठनों का समर्थन प्राप्त रहा और इसे पाकिस्तान की आईएसआई का समर्थन प्राप्त होता रहा है। इसलिए पंजाब अलगाववादी गतिविधियों के लिहाज से अब भी संवेनशील राज्य है। पिछले कुछ समय से कनाडा आदि देशों में रह रहे कुछ अलगाववादी सिख खालिस्तान की मांग उठाने लगे हैं। उसका कुछ असर पंजाब में भी देखा गया। हालांकि सरकार ने चुस्ती दिखाई और ऐसे तत्वों पर लगाम कसने में कामयाब हुई। मगर पिछले कुछ समय से पंजाब में आपराधिक गतिविधियां बढ़ गई हैं, दिनदहाड़े और सरेआम किसी को गोली मार देने में भी अपराधियों को कोई हिचक नहीं होती। पिछले कुछ महीने में ही कई आपराधिक गतिविधियां हुई हैं। इससे साफ हो जाता है कि पंजाब में कट्टरपंथ एक बार फिर सिर उठा रहा है। विदेशी धन और संसाधनों द्वारा सहायता प्राप्त और उकसाया जाना, धीरे–धीरे और लगातार विरोधी ताकतें सामाजिक और धार्मिक विभाजन पैदा करने में सक्षम रही हैं। हाल के लोकसभा चुनावों में दो कट्टरपंथी निर्दलीय उम्मीदवारों की जीत, अर्थात अमृतपाल सिंह एक घोषित खालिस्तानी और वर्तमान में जेल में बंद और पूर्व पीएम इंदिरा गांधी के हत्यारे के बेटे सरबजीत सिंह खालसा ने कट्टरपंथी तत्वों को अवश्य प्रोत्साहित किया होगा। अकाल तख्त जत्थेदार द्वारा शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) से स्वर्ण मंदिर परिसर में खालिस्तान समर्थक आतंकवादियों के चित्र प्रदर्शित करने के लिए कहने का नवीनतम इनपुट वास्तव में परेशान करने वाला है। सबसे बड़ी बात यह है कि पंजाब पाकिस्तान से लगा हुआ है। यह भी छिपी बात नहीं है कि अलगाववादी तत्वों के तार पाकिस्तानी दहशतगदों से भी जुड़े हुए हैं, हो सकता है कि नारायण पाकिस्तान के इशारे पर काम कर रहा हो। पंजाब में बढ़ती आपराधिक गतिविधियों पर काबू न पा सकने की वजह से स्वाभाविक ही वहां की राज्य सरकार पर सवाल उठते रहे हैं। सुखबीर बादल पर हमले के बाद फिर से सुरक्षा व्यवस्था और खुफिया तंत्र पर अंगुलियां उठने लगी हैं। हमला करने वाले की बादल पर गोली चलाने के पीछे मंशा चाहे जो रही हो, पर चिंता की बात है कि वह सुरक्षा व्यवस्था की कमजोरी का फायदा उठाने में कामयाब हो गया। आने वाले समय में पंजाब पुलिस के साथ ही खुफिया एजेंसियों को और भी ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत है। कनाड़ा जिस प्रकार से खालिस्तानी आंदोलन और आतंकियों को सह दे रहा है, उसी का नतीजा है कि पंजाब में कट्टरपंथियों का मनोबल बढ़ने लगा है।भविष्य में इनके मनसूबे कामयाब नहीं होने चाहिए लेकिन सतर्कता जरूरी है। सरकार को इस मामले में सजग होकर कार्रवाई करनी होगी क्योंकि अतीत में पंजाब दो दशक तक दहशतगर्दो की अराजकता और खून खराबा झेल चुका है। पूरे देश को खालिस्तानी आतंकवाद की बड़ी कीमत चुकानी पड़ी।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।**

# ब्याज दरों में अब कमी होनी ही चाहिए



प्रहलाद सबनानी

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर श्री शक्तिकांत दास ने अपने वर्तमान कार्यकाल का अंतिम मुद्रा नीति वक्तव्य (मोनेटरी पॉलिसी स्टेट्मेंट) दिनांक 06 दिसम्बर 2024 को प्रातः 10 बजे जारी किया है। इस मुद्रा नीति वक्तव्य में रेपो दर में किसी भी प्रकार का परिवर्तन नहीं करते हुए इसे पिछले 22 माह से (अर्थात 11 मुद्रा नीति वक्तव्यों से) 6.5 प्रतिशत पर स्थिर रखा गया है। यह संभवतः भारतीय रिजर्व बैंक के इतिहास में सबसे अधिक समय तक स्थिर रहने वाली रेपो दर है। इस बढ़ी हुई रेपो दर का भारत के आर्थिक विकास पर अब विपरीत प्रभाव होता हुआ दिखाई दे रहा है क्योंकि वित्तीय वर्ष 2024–25 की द्वितीय तिमाही में भारत में सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर घटकर 5.4 प्रतिशत तक नीचे आ गई है। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा प्रत्येक दो माह के अंतराल पर मुद्रा नीति वक्तव्य जारी किया जाता है, परंतु पिछले 11 मुद्रा नीति वक्तव्यों में रेपो दर में किसी भी प्रकार का परिवर्तन नहीं किया गया है। जबकि, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रा स्फीति की दर कुछ समय तक तो लगातार 6 प्रतिशत के सहनीय स्तर से नीचे बनी रही है।

भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्तीय वर्ष 2024–25 के दौरान उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित औसत मुद्रा स्फीति के अनुमान को 4.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 4.8 प्रतिशत कर दिया है। इसका आशय यह है कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा मुद्रा स्फीति की दर संभवतः वित्तीय वर्ष 2024–25 की तृतीय तिमाही में भी अधिक बनी रह सकती है। इसके पीछे खाद्य पदार्थों (विशेष रूप से फल एवं सब्जियों) की कीमतों में लगातार हो रही वृद्धि, एक मुख्य कारण जिम्मेदार हो सकता है। परंतु, क्या ब्याज दरों में वृद्धि कर खाद्य पदार्थों की कीमतों को नियंत्रित किया जा सकता है? उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा मुद्रा स्फीति की दर को आंकने में खाद्य पदार्थों का भार लगभग 40 प्रतिशत है। यदि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रा स्फीति में से खाद्य पदार्थों के भार को अलग कर दिया जाय तो यह आंकलन बनता है कि कोर पदार्थों की मुद्रा स्फीति की दर नियंत्रण में बनी हुई है। खाद्य पदार्थों की कीमतों को बाजार में फलों एवं सब्जियों की आपूर्ति बढ़ाकर ही नियंत्रित किया जा सकता है, न कि ब्याज दरों में वृद्धि कर। इस वर्ष मानसून का पूरे देश में विस्तार ठीक तरह से नहीं रहा है, कुछ क्षेत्रों में बारिश की मात्रा अत्यधिक रही है एवं कुछ क्षेत्रों बारिश की मात्रा बहुत कम रही है, जिसका प्रभाव खाद्य पदार्थों की उत्पादकता पर भी विपरीत रूप से पड़ा है, जिससे अंततः खाद्य पदार्थों की कीमतों में उच्छाल देखा गया है।

बाद के समय में, अच्छे मानसून के पश्चात भारत में आने वाली रबी मौसम की फसल बहुत अच्छी मात्रा में आने की सम्भावना है क्योंकि न केवल फसल के कुल रकबे में वृद्धि दर्ज हुई है बल्कि पानी की पर्याप्त उपलब्धता के चलते फसल की उत्पादकता में भी वृद्धि होने की पर्याप्त सम्भावना है। इन कारकों के चलते आगे आने वाले समय में खाद्य पदार्थों की एवं उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा मुद्रा स्फीति की दर निश्चित ही नियंत्रण के रहने की सम्भावना है। इससे, निश्चित ही रेपो दर को कम करने की स्थिति निर्मित होती हुई दिखाई दे रही है। साथ ही, अमेरिका सहित यूरोप के विभिन्न देशों में भी ब्याज दरों को लगातार कम करने का चक्र प्रारम्भ हो चुका है, जिसका प्रभाव विश्व के




अन्य देशों की अर्थव्यवस्थाओं पर भी पड़े बिना नहीं रहेगा।

दूसरी ओर, भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्तीय वर्ष 2024–25 में सकल घरेलू उत्पाद में होने वाली वृद्धि दर के अनुमान को 7.2 प्रतिशत से घटाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया है। क्योंकि, यह वृद्धि दर द्वितीय तिमाही में घटकर 5.4 प्रतिशत की रही है। वित्तीय वर्ष 2024–25 की द्वितीय तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर के कम रहने के कई विशेष कारण रहे हैं। देश में लोकसभा चुनाव के चलते केंद्र सरकार को अपने पूंजीगत खर्चों एवं सामान्य खर्चों में भारी कमी करना पड़ी थी। इसके बाद विभिन्न राज्यों में विधानसभा चुनावों के चलते इन राज्यों द्वारा किए जाने वाले सामान्य खर्चों में अतुलनीय कमी की गई थी। जिससे अंततः नागरिकों के हाथों में खर्च करने लायक राशि में भारी कमी हो गई। दूसरे, इस वर्ष भारत में मानसून भी अनियंत्रित सा रहा है जिससे कृषि क्षेत्र में उत्पादन प्रभावित हुआ एवं ग्रामीण इलाकों में नागरिकों की आय में कमी हो गई। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न देशों में अस्थिरता बनी रही, जिसके कारण भारत से विभिन्न उत्पादों के निर्यात प्रभावित हुए। इस अवधि में विनिर्माण के क्षेत्र एवं माइनिंग के क्षेत्र में उत्पादन भी तुलनात्मक रूप से कम रहा। उक्त कारकों के चलते भारत में वित्तीय वर्ष 2024–25 की द्वितीय तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर बहुत कम रही है। इस द्वितीय तिमाही में विभिन्न कम्पनियों के वित्तीय परिणाम भी बहुत उत्साहजनक नहीं रहे हैं। इनकी लाभप्रदता में आच्छानुरूप वृद्धि दर्ज नहीं हुई है। कम्पनियों के वित्तीय परिणाम उत्साहजनक नहीं रहने के चलते विदेशी संस्थागत निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार से सितम्बर, अक्टोबर एवं नवम्बर माह में 1.50 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि निकाली है। जिससे भारतीय शेयर बाजार के निफ्टी सूचकांक में 3000 से अधिक अंकों की गिरावट दर्ज हुई है, निफ्टी सूचकांक अपने उच्चत्तम स्तर 26,400 से गिरकर 23,200 अंकों तक नीचे आ गया था। हालांकि अब यह पुनः बढ़कर 24,700 अंकों पर आ गया है और विदेशी संस्थागत निवेशकों ने एक बार पुनः भारतीय शेयर बाजार पर अपना भरोसा जताते हुए अपने निवेश में वृद्धि करना शुरू कर दिया है।

अब देश में कुछ महत्वपूर्ण राज्यों में विधान सभा चुनावों एवं लोक सभा चुनाव के सम्पन्न होने के बाद केंद्र सरकार एवं विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा अपने पूंजीगत खर्चों एवं सामान्य खर्चों में वृद्धि की जाएगी। साथ ही, भारत में त्यौहारी मौसम एवं शादियों के मौसम में भारतीय नागरिकों के खर्चों में अपार वृद्धि होने की सम्भावना है। त्यौहारी एवं शादियों का मौसम भी नवम्बर एवं दिसम्बर 2024 माह में प्रारम्भ हो चुका है। एक अनुमान के अनुसार नवम्बर माह में मनाए गए दीपावली एवं अन्य त्यौहारों पर भारतीय नागरिकों ने लगभग 5 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि का व्यय किया है। वित्तीय वर्ष 2024–25 के जनवरी 2025 माह (13 जनवरी) में प्रयागराज में कुंभ मेला भी प्रारम्भ होने जा रहा है जो फरवरी 2025 माह (26 फरवरी) तक चलेगा। यह कुम्भ मेला प्रत्येक 12 वर्षों में एक बार प्रयागराज में लगता है। एक अनुमान के अनुसार इस कुम्भ मेले में प्रतिदिन एक करोड़ नागरिक पहुंच सकते हैं। इससे देश में धार्मिक पर्यटन में भी अपार वृद्धि होगी। उक्त सभी कारणों के चलते, भारत में उपभोक्ता खर्च में भारी भरकम वृद्धि दर्ज होगी जो अंततः सकल घरेलू उत्पाद में पर्याप्त वृद्धि को दर्ज करने के सहायक होगी।

साथ ही, अक्टोबर 2024 माह में भारत से विविध उत्पादों एवं सेवा क्षेत्र के निर्यात में भी बहुत अच्छी वृद्धि दर दर्ज हुई है। इससे अंततः भारत के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर 7 प्रतिशत से ऊपर बने रहने की प्रबल सम्भावना बनती नजर आ रही है।

साथ ही, भारतीय रिजर्व बैंक ने नकदी रिजर्व अनुपात में 50 आधार बिंदुओं की कमी करते हुए इसे 4.5 प्रतिशत से घटाकर 4 प्रतिशत कर दिया है। इससे 1.16 लाख करोड़ रुपए की राशि भारतीय रिजर्व बैंक से बैंकों को प्राप्त होगी एवं इस राशि से बैंकिंग क्षेत्र में तरलता में सुधार होगा एवं बैंकों की कर्ज देने की क्षमता में भी वृद्धि होगी। अधिक ऋणराशि की उपलब्धता से व्यापार एवं उद्योग की गतिविधियों को बल मिलेगा जो देश के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि करने में सहायक होगा।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अमेरिकी डॉलर के लगातार मजबूत होने से बाजार में रुपए की कीमत लगातार गिर रही है और रुपए की कीमतों को नियंत्रण में रखने के उद्देश्य से भारतीय रिजर्व बैंक को बाजार में डॉलर की आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु अमेरिकी डॉलर को बेचना पड़ रहा है। जिससे, भारत के विदेशी मुद्रा भंडार 70,500 करोड़ अमेरिकी डॉलर के उच्चत्तम स्तर से नीचे गिरकर 65,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर के निचले स्तर पर आ गए हैं। साथ ही, रुपए की कीमत गिरकर 84.63 रुपए प्रति डॉलर के स्तर पर आ गई है। अतः यदि देश में व्यापारिक गतिविधियों में सुधार होता है एवं सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर्ज होती है तो विदेशी निवेश भी भारत में पुनः वृद्धि दर्ज करेगा एवं विदेशी मुद्रा भंडार भी अपने पुराने उच्चत्तम स्तर को प्राप्त कर सकेंगे। कुल मिलाकर भारत में अब ब्याज दरों में कमी करने का समय आ गया है।

**(लेखक आर्थिक मामलों के विश्लेषक और स्तंभकार हैं।)**

## संक्षिप्त समाचार

### बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के 69वें महापरिनिर्वाण दिवस पर रेल मंत्री ने दी श्रद्धांजलि

- बाबासाहब डॉ.अम्बेडकर का पुरा जीवन ही पिछड़ों और वंचितों के उत्थान के लिए संकल्पित:- अश्विनी वैष्णव



**चमकता राजस्थान। जयपुर/ नई दिल्ली: (खलील कुरैशी)।** बाबासाहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर के 69वेंमहापरिनिर्वाण दिवस पर रेल भवन में उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर रेल भवन में आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने डॉ. अंबेडकर ने चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने अपने सोशल हैंडल एक्स पर लिखा कि पिछड़ों और वंचितों के उत्थान के लिए संकल्पित बाबासाहेब अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर सादर नमन। अश्विनी वैष्णव के बाद रेल राज्य मंत्री वी सोमन्ना ने भी बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

बाबासाहेब को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए इस मौके पर रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। सभी ने बाबासाहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

### निफ्ट जोधपुर में फैशन परेड का आयोजन

- स्टूडेंट्स ने खुद से डिजाइन किए कलेक्शन के साथ की फैशन परेड
- निदेशक प्रो. जीएचएस प्रसाद ने स्टूडेंट्स के कार्य की सराहना की





**चमकता राजस्थान। जयपुर/ जोधपुर !(खलील कुरैशी)।** खुद ही डिजाइनर और खुद ही मॉडल बने स्टूडेंट्स जब अपने डिजाइन किए कपड़े पहन फैशन परेड करते दिखें तो दर्शक दीर्घा में बैठे लोग चौंक गए, युवाओं ने जमकर हूटिंग भी की, ये नजारा था शुक्रवार को राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान जोधपुर की ओर से आयोजित सारांश आर्ट एवं क्रिएटिविटी फैशन परेड का। जहां स्टूडेन्ट्स ने अपने मेहनत को परेड पर उतार कर आडियंस का दिल जीत लिया। एनआईएफटी के निदेशक प्रो. जीएचएस प्रसाद ने बताया कि इस फैशन परेड में विभिन्न थीम्स पर बनें कलेक्शन को पहन स्टूडेन्ट्स परेड में शामिल हुए। इसमें पारंपरिक पहनावे, फ्यूजन वियर (इंडो-वेस्टर्न), अवंत-गार्डे, वियरेबल आर्ट और स्ट्रीट स्टाइल शामिल है। इस मौके पर मुख्य अतिथि जय नारायण व्यास यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. के एल श्रीवास्तव ने स्टूडेन्ट्स को शुभकामनाएं दी और कलेक्शन को सराहा। एफडी की सेन्टर कॉर्डिनेटर रूचि खोलिया ने बताया कि इस परेड में फैशन डिजाइन विभाग और आईडीएम के 100 से अधिक छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

### 6 दिसंबर का दिन देश के इतिहास का काला दिन है: राजस्थान मुस्लिम फोरम




**चमकता राजस्थान। जयपुर।** राजस्थान मुस्लिम फोरम की जानिब से 6 दिसम्बर 2024 को मुस्लिम मुसाफिर खाने मोती डूंगरी रोड जयपुर में बाबरी मस्जिद के लिए एक दुआईया प्रोग्राम आयोजित किया गयाइस प्रोग्राम में शहर के सैकड़ों लोग सम्मिलित हुए।सभा को संबोधित करते हुए दलित मुस्लिम एकता मंच के सयोजक अब्दुल लतीफ आरको ने कहा कि हम अल्पसंख्यकों के ऊपर हो रहे हर तरह के जुल्म का विरोध करते है चाहे वो भारत या बांग्लादेश, वहदते इस्लामी के मुहम्मद साजिद सहराई ने कहा कि अपना विरोध दर्ज करते हुए कहा कि मुसलमान और न्याय प्रिय लोग अदालतों और सरकारों के इन रव्व्यों से मायूस न हो,एस डी पी आई के सदर डॉ शाहबुद्दीन ने कहा कि आज उपासना स्थल अधिनियम 1991 बने होने के बावजूद निचली अदालतें जांच के आदेश दे रही है जो धिनियम के खिलाफ है।जमीयत उलेमा ए हिंद राजस्थान के उपाध्यक्ष हाफिज मंजूर अली खान ने कहा कि हालात हमेशा एक जैसे नहीं रहते है पूरी दुनिया में तब्दीलियां आ रही हैं और हमारे हमारे देश में भी अच्छे हालात आयेंगे।प्रोग्राम के अंत में मुस्लिम फोरम के महासचिव मोहम्मद नाज़िमुद्दीन ने कहा कि 9 नवम्बर 2019 को जो बाबरी मस्जिद का फ़ैसला आया उससे ये बात साबित होई कि मस्जिद मंदिर तोड़ के नहीं बनाई गई थी, हमारा ही नहीं देश के तमाम इंसाफ पसंद लोगों का मानना है कि बाबरी मस्जिद का फैसला हुआ लेकिन इंसाफ नहीं हुआ, और देश में सांप्रदायिक लोगों के जरिए से फैलाई जा रही झूठ को रोकने के लिए हमें संगठित होकर ठोस प्रयास किए जाने चाहिए। प्रोग्राम में मोहम्मद नईम कुरैशी सदर जमीयत कुरैश मिल्ली कौंसिल के महासचिव एडवोकेट मुजाहिदअलीनकवी ,मुहम्मद शौकत कुरैशी मेम्बर मुस्लिम फोरम ने अपने विचार व्यक्त किया,इस प्रोग्राम की अध्यक्षता राजस्थान मुस्लिम फोरम के आयोजक शब्बीर खान साहब ने की और मंच का संचालन वेलफेयर पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष वकार अहमद खान ने किया

## सहमति और समझाइश से जिला प्रशासन ने शुक्रवार को खुलवाए 41 रास्ते

# 'रास्ता खोलो अभियान' ने राह की आसान...तो ग्रामीणों के चेहरे पर खिली मुस्कान

## अभियान के तहत 4 सप्ताह में 173 रास्ते खोल कर आमजन को दिलाई राहत

चमकता राजस्थान

**जयपुर! (खलील कुरैशी) 06 दिसंबर।** जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर शुरू हुआ रास्ता खोलो अभियान के तहत शुक्रवार को जिला प्रशासन ने सहमति एवं सहयोग से 41 रास्ते खुलवाए। 15 नवंबर को शुरू हुए रास्ता खोलो अभियान के अंतर्गत विगत 4 सप्ताह में जिला प्रशासन को जयपुर एवं जयपुर ग्रामीण में 173 रास्तों को खुलवाने में सफलता मिली है।अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं अभियान की नोडल अधिकारी सुमन पंवार ने बताया कि शुक्रवार को जिला प्रशासन की टीमों ने आमेर, आंधी, शाहपुरा, जोबनेर, किशनगढ़-रेनवाल, फुलेरा, रामपुरा-डाबड़ी, चौमूं, सांगानेर, माधोराजपुरा तहसील में 3-3 रास्ते खुलवाए। तो वहीं, तुंगा, जालसू





और कोटखावदा तहसील में 2-2 साथ ही, जयपुर, कालवाड़, जमवारामगढ़, बस्सी और चाकसू तहसील में एक-एक रास्ता खुलवाया गया।अतिरिक्त जिला कलक्टर ने बताया कि किशनगढ़-रेनवाल के डूंगरसी का बास गावं में 45 सालों से बंद रास्ता, कोढी गांव में 35 सालों से बंद रास्ता तो वहीं, सांगानेर तहसील के नरवरिया गांव में 25 साल से बंद और झुंड गांव में दो दशकों से बंद रास्ते को खुलवाया गया। जयपुर के जयपुरियों का बास गांव में 2 महीनों से बंद रास्ता खुलने से करीब 1500 ग्रामीणों और सांभरलेक के रसूलपुरा गांव में 5 सालों से बंद रास्ते के खुलने से एक हजार से अधिक ग्रामीणों की राह आसान हुई है। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर रास्ता खोलो अभियान के तहत बरसों से बंद रास्ते खुले तो ग्रामीण जिला कलक्टर और जिला प्रशासन का आभार जता रहे हैं।उन्होंने बताया कि जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को रास्ता खोलो अभियान के तहत बंद रास्ते खुलवाए जाने के पश्चात खोले गए रास्तों पर ग्रेवेल, सी.सी. रोड़ बनवाये जाने की कार्यवाही भी जल्द से जल्द अमल में लाने के निर्देश दिये हैं, इन निर्देशों की अनुपालना में अधिकांश स्थानों पर ग्रेवल रोड बनाने की कार्यवाही भी आरंभ की जा चुकी है। वहीं, जिन रास्तों के वाद न्यायालय में विचाराधीन है परिवादियों द्वारा संबंधित न्यायालय से ही अनुतोष प्राप्त किया जाएगा।ग्रामीण क्षेत्रों में रास्तों की भूमि पर अतिक्रमण को लेकर जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में परिवाद प्राप्त होते हैं। रास्तों को लेकर न्यायालय में भी वाद दायर किए जाते रहते हैं। ऐसे प्रकरणों में निरन्तर बढ़ोतरी होने से आमजन को न्यायालय के चक्कर लगाने एवं जन-धन की हानि होने के साथ-साथ क्षेत्र की कानून व्यवस्था भी प्रभावित होती है। इसलिए प्रशासन ने रास्ते सम्बन्धी समस्याओं के निराकरण के लिए 'रास्ता खोलो अभियान' चलाने का निर्णय लिया गया।

## नगर निगम ग्रेटर सतर्कता शाखा की टीम द्वारा की गई कार्यवाही

### 9 हजार रूपये का किया कैरिंग चार्ज वसूल, 9 केन्टर सामान जब्त

चमकता राजस्थान

**जयपुर!(खलील कुरैशी) 06 दिसम्बर।** नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रूकमणि रियाड़ के निर्देशानुसार उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में शुक्रवार को सतर्कता शाखा की टीम द्वारा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार टोंक रोड़, टोंक फाटक के पास, गोपालपुरा पुलिया के नीचे, दुर्गापुरा पुलिया के नीचे, विधानसभा के आस-पास, एसएमएस अस्पताल के सामने, ट्रोमा सेन्टर के चारों तरफ, बांगड़ अस्पताल, जेके लोन अस्पताल, जेएलएन मार्ग,रामनिवास बाग, अजमेरी गेट, सांगानेरी गेट, जगतपुरा फाटक, पत्रिका गेट एवं सांगानेर एयरपोर्ट आदि स्थानों से स्थाई अतिक्रमण एवं अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध 9 हजार रूपये का कैरिंग चार्ज कर 09 केन्टर सामान जब्त किया गया।उपायुक्त




सतर्कता अजय कुमार ने बताया कि नगर निगम ग्रेटर क्षेत्राधिकार में टोंक रोड़, टोंक फाटक के पास, गोपालपुरा पुलिया के नीचे, दुर्गापुरा पुलिया के नीचे, विधानसभा के आस-पास, एसएमएस अस्पताल के सामने, ट्रोमा सेन्टर के चारों तरफ, बांगड़ अस्पताल, जेके लोन अस्पताल, जेएलएन मार्ग,रामनिवास बाग, अजमेरी गेट, सांगानेरी गेट, जगतपुरा फाटक, पत्रिका गेट एवं सांगानेर एयरपोर्ट आदि स्थानों से स्थाई अतिक्रमण एवं अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया। उपरोक्त कार्यवाही के दौरान 09 केन्टर सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया व मौके पर अस्थाई अतिक्रमण करने वालों से मौके पर 9 हजार रूपये का केरिंग चार्ज वसूल किया गया तथा दौरे के दौरान कार्यवाही सतर्कता टीम द्वारा मौके पर समझाईश करते हुए मौखिक पाबंद करवाया कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण समय से हटा ले अन्यथा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध भारी चालान या प्रभावी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

## जयपुर विकास प्राधिकरण ने जोन-5 में अवैध व्यावसायिक बिल्डिग को किया सील





चमकता राजस्थान।

**जयपुर! (खलील कुरैशी) 06 दिसम्बर।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-05 में नंदपुरी, सोडाला के भूखण्ड संख्या एफ-12 में जेडीए की बिना अनुमति व स्वीकृति के व्यावसायिक प्रयोजनार्थ बने ग्राउण्ड फ्लोर $ 03 मंजिला अवैध बिल्डिग की नियमानुसार पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही की गई। उप महानिरीक्षक पुलिस कैलाश चन्द्र विश्नोई ने बताया कि जोन-05 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित नंदपुरी, सोडाला के भूखण्ड संख्या एफ-12 में जेडीए की बिना अनुमति व स्वीकृति के व्यावसायिक प्रयोजनार्थ ग्राउण्ड फ्लोर $ 03 मंजिला में अवैध निर्माण किये जाने पर निर्माणकर्ता को धारा 32, 33 जेडीए एक्ट के तहत नोटिस जारी कर अवैध निर्माण हटाने हेतु पाबंद किया गया था। परन्तु निर्माणकर्ता द्वारा अवैध निर्माण नहीं हटाने पर सक्षम स्तर से स्वीकृति प्राप्त कर धारा 34 (क) का नोटिस जारी कर आज दिनांक 06.12.2024 को उक्त अवैध बिल्डिग के प्रवेश द्वारों इत्यादि को इंजीनियरिंग शाखा की मदद से ईंटों की दीवारों से चुनवाकर सील चपडी लगाकर नियमानुसार पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही की गई।उक्त कार्यवाही मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्श चौधरी के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन-प्रथम, प्रवर्तन अधिकारी जोन-05 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

## 31 अधिकारी व कार्मिक एवं एक स्वयंसेवक का आश्रित डीजीपी डिस्क एवं प्रशस्ति रोल से सम्मानित

# बेगस स्थित केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान में गृह रक्षा बल का 62वां स्थापना दिवस समारोह हर्षो उल्लास से मनाया

## कमांडेंट स्वाति शर्मा को महानिदेशक गृह रक्षा एवं नागरिक सुरक्षा रजत पदक व प्रशस्ति पत्र की घोषणा

चमकता राजस्थान

**जयपुर !(खलील कुरैशी) 06 दिसम्बर।** बेगस के फतेहपुरा गांव स्थित केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान में गृह रक्षा बल का 62वां स्थापना दिवस समारोह शुक्रवार को मुख्य अतिथि महानिदेशक एवं महासमादेष्टा राजेश निर्वाण की अध्यक्षता में हर्षो उल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर 31 अधिकारी एवं कार्मिकों एवं मरणोपरांत एक स्वयंसेवक के परिजन को डीजीपी डिस्क एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि निर्वाण द्वारा झण्डारोहण किया गया, नवनियुक्त आरक्षियों की चार टुकडियों द्वारा मुख्य अतिथि को सलामी दी गई। इसके पश्चात निदेशक, केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान, गृह रक्षा बिजेन्द्र सिंह द्वारा भारत सरकार से प्राप्त राष्ट्रपति दौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह, गृह सचिव गोविंद मोहन, महानिदेशक अग्निशमन एवं नागरिक सुरक्षा एवं गृह रक्षक विवेक श्रीवास्तव एवं राज्य सरकार से प्राप्त राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े, जनजाति क्षेत्रीय विकास एवं गृह रक्षा मंत्री बाबूलाल खराड़ी तथा आनन्द कुमार व अतिरिक्त मुख्य सचिव, गृह विभाग राजस्थान द्वारा प्रसारित संदेशों का पठन किया गया।



- **31 अधिकारी व कार्मिक एवं मरणोपरांत एक स्वयंसेवक का आश्रित डीजीपी डिस्क एवं प्रशस्ति रोल से सम्मानित**

इस अवसर पर मुख्य अतिथि निर्वाण द्वारा गत वर्ष गृह मंत्रालय, भारत सरकार से प्राप्त महानिदेशक प्रशस्ति पत्र एवं प्रशस्ति डिस्क तथा उनके कार्यालय द्वारा वर्ष 2023 एवं 2024 में प्रदत्त महानिदेशक प्रशस्ति पत्र एव प्रशस्ति डिस्क से 06 अधिकारियों 14 कार्मिकों, 11 स्वयं सेवकों तथा मरणोपरांत 01 स्वयं सेवक के आश्रित को प्रदान कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस पी.राम महानिरीक्षक पुलिस संदीप सिंह चौहान एवं मुख्यालय एवं केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान के अन्य अधिकारी कर्मचारीगण व गृह रक्षा के नव नियुक्त आरक्षी एवं स्वयं सेवक सम्मिलित

- **कमांडेंट स्वाति शर्मा को रजत पदक एवं पांच कार्मिकों को कांस्य पदक एवं प्रशस्ति पत्र की घोषणा**

गृह मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा गृह रक्षा के 62वें स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर राजस्थान की एक अधिकारी कमाण्डेन्ट स्वाति शर्मा को महानिदेशक, गृह रक्षा एवं नागरिक सुरक्षा ₹रजत पदक एवं प्रशस्ति पत्र₹ व कार्मिक कम्पनी कमाण्डर चन्द्रशेखर शर्मा, प्लाटून कमाण्डर सत्यनारायण सिंह, सीनियर असिस्टेंट मुकेश कुमार कुमावत व स्वयं सेवक विजेन्द्र शर्मा एवं नागेन्द्र मोहन शर्मा को कांस्य पदक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किये जाने की घोषणा की गयी। यह पदक अगले वर्ष गृह रक्षा स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदान किये जायेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### होटल फेडरेशन ऑफ़ राजस्थान ने पर्यटन मंत्री दिया कुमारी जी का किया स्वागत



**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)।** होटल फेडरेशन ऑफ़ राजस्थान के प्रतिनिधि मंडल ने पर्यटन सेक्टर द्वारा लंबे समय से की जा रही मांगों को पर्यटन नीति-2024 में सम्मिलित किए जाने पर माननीय पर्यटन मंत्री दिया कुमारी का स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापित किया इस अवसर पर माननीय मंत्री ने गेस्ट हाउस स्कीम को 20 से ज्यादा कमरों तक बढ़ाना, प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को बढ़ाने के लिए मार्केटिंग एवं अन्य विशेष प्रयास कर प्रदेश में पर्यटकों की संख्या बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा हर संभव प्रयास करने एवं पर्यटन नीति में की गई सभी घोषणाओं को धरातल तक पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाने का दिया सकारात्मक आश्वासन

- **ये गणमान्य सदस्यगण रहे मौजूद**

इस अवसर पर होटल फेडरेशन आफ राजस्थान के अध्यक्ष- हुसैन खान संरक्षक- सुरेंद्र सिंह शाहपुरा वरिष्ठ उपाध्यक्ष- रणविजय सिंह,कोषाध्यक्ष संदीप गोगीया के अलावा अन्य कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे।

### सैनिक कल्याण विभाग के निदेशक वी. एस.राठौड़ ने उपमुख्यमंत्री डॉ.प्रेमचंद बैरवा से की आत्मीय भेंट

- **सशस्त्र झंडा दिवस की शुभकामनाएं करी प्रेषित**



**चमकता राजस्थान।जयपुर! (खलील कुरैशी)** दिनांक 6 दिसम्बर, 2024 को सशस्त्र सेना झंडा दिवस के शुभ अवसर पर सैनिक कल्याण विभाग के निदेशक एवं सम्मानित ब्रिगेडियर (सेवानिवृत्त) वी.एस. राठौड़ से आत्मीय भेंट की इस दौरान गरिमामय अवसर पर उनके कर-कमलों द्वारा प्रतीकात्मक सशस्त्र सेना झंडा (बैज) समर्पित किया गया इस पर उप मुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा ने अपने वक्तव्य पर कहा कि यह मेरे लिए अत्यंत सम्मान का विषय है। तथा इस सुअवसर पर हमारे वीर सैनिकों एवं उनके परिवारों के समग्र विकास हेतु डिजिटल माध्यम से यूपीआई द्वारा अंशदान किया। यह धनराशि विशेष रूप से शहीद सैनिकों के परिवारों, युद्ध में घायल सैनिकों एवं सेवानिवृत्त सैनिकों की सहायता में उपयोग की जाएगी।'सशस्त्र सेना झंडा दिवस' न केवल हमारे वीर जवानों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का दिवस है, बल्कि राष्ट्रीय एकता और सामूहिक संकल्प का प्रतीक भी है। यह दिवस हमें अपने सशस्त्र बलों के प्रति सम्मान और समर्पण की भावना को पुनर्जागृत करने का अवसर प्रदान करता है। समस्त प्रदेशवासियों से विनम्र निवेदन है कि 'सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष' में सैनिक परिवारों के कल्याण हेतु यथासंभव योगदान करें। आपका छोटा सा योगदान उन परिवारों के जीवन में बड़ा परिवर्तन ला सकता है, जिन्होंने राष्ट्र के लिए अपने प्रियजनों को समर्पित किया है।

### शराब टेकेदार की संपति कुर्क, विभाग को बकाया राशि का नहीं किया भुगतान

- **17 लाख से ज्यादा का भुगतान था बकाया**



**चमकता राजस्थान। चित्तौड़गढ़ (बाबू अग्नानी)।** आबकारी विभाग चित्तौड़गढ़ ने शराब ठेकेदार की संपति को कर्क करने की कार्यवाही को अंजाम दिया है। शराब ठेकेदार पर विभाग का करीब 17 लाख 34 हजार रुपए बकाया चल रहा था। कई बार नोटिस देने के बाद भी शराब ठेकेदार ने राशि जमा नहीं करवाई तो विभाग ने सख्त कदम उठाया है। चित्तौड़गढ़ जिले में संभवतया पहला मामला है, जिसमें शराब ठेकेदार की संपति नीलाम हुई हो। साथ ही आबकारी विभाग के अधिकारियों ने ऐसे अन्य ठेकेदारों को भी चेताया है, जो कि समय पर भुगतान नहीं करते ।जिला आबकारी अधिकारी चित्तौड़गढ़ गजेंद्रसिंह राजपुरोहित ने बताया कि कपासन तहसील के बेनीपुरिया निवासी नाथू पुत्र चतरा सालवी ने आबकारी विभाग में ठेकेदार था। इसने वर्ष 2023-24 में दुकान ली थी। इसके नाम पर कपासन नगरपालिका की दुकान नंबर एक आवंटित हुई थी। इस दुकान के बदले ठेकेदार ने आबकारी विभाग को राशि समय पर जमा नहीं करवाई थी। विभाग में इसके 17 लाख, 34 हजार 366 रुपए बाकियात चल रहे थे। कई बार विभाग उसे नोटिस भी दे चुका था। जिला आबकारी अधिकारी गजेंद्रसिंह राजपुरोहित ने बताया कि इस मामले में कपासन आबकारी वृत निरीक्षक को अग्रिम कार्यवाही के निर्देश दिए थे। इस पर आबकारी वृत निरीक्षक नन्द किशोर वैष्णव ने राजस्व विभाग से संपर्क किया। साथ ही ठेकेदार नाथू सालवी के बारे में जानकारी जुटाई, जिसके जाम पर कृषि जमीन होना सामने आया। इस पर वृत निरीक्षक के अलावा हिंगोरिया पटवारी लीला जाट, सरपंच भैरूलाल भील, जामदार बाघसिंह आदि बेनीपुरिया पहुंचे। यहां शराब ठेकेदार की 0.06 हेक्टेयर भूमि कुर्क करने की कार्यवाही की गई। भविष्य में यह भुगतान नहीं करता है तो जमीन नीलाम करने की कार्यवाही भी की जा सकती है। एमनेस्टी योजना में भी दी गई थी छूट जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि करीब एक साल से ठेकदार राशि जमा नहीं करवा रहा था। विभागीय निर्देशों पर एमनेस्टी योजना में भी ठेकेदार को छूट के साथ राशि जमा करवाने को कहा था। इसमें भी ठेकेदार ने राशि जमा नहीं करवाई तो जमीन कर्क करने की कार्यवाही की।

# मंत्री झाबर सिंह खर्रा की अध्यक्षता में रूडसिको बोर्ड की 59 वीं महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक

## राजस्थान के शहरी विकास में नया अध्यायः समयबद्धता, पारदर्शिता और गुणवत्ता हमारी प्राथमिकता :- झाबर सिंह खर्रा यूडीएच मंत्री

चमकता राजस्थान

**जयपुर (खलील कुरैशी)** स्वायत्त शासन भवन, जयपुर में रूडसिको बोर्ड की 59वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए, शहरी विकास के लिए कई ऐतिहासिक फैसले लिए गए। हडको से 1500 करोड़ का ऋष्ण स्वीकृत किया गया, जिससे राजस्थान के शहरी क्षेत्रों में सड़कों और बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ किया जाएगा। साथ ही, एशियन डेवलपमेंट बैंक और वर्ल्ड बैंक पोषित लगभग 20,000 करोड़ की योजनाओं को समयबद्धता और गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए गए। इन योजनाओं का उद्देश्य शहरी नागरिकों को पेयजल, सड़क, सीवरेज और अन्य बुनियादी सुविधाओं का शीघ्र




लाभ पहुंचाना है ।बैठक में रूडसिको के 146 पदों को 2028 तक के लिए स्वीकृति दी गई और विभागीय कार्यों में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए शिड्यूल ऑफ पावर को मंजूरी प्रदान की गई। रूडसिको ने 2023-24 में 17.50 करोड़ का लाभ अर्जित करते हुए उत्कृष्ट वित्तीय प्रबंधन का परिचय दिया। विकास कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए अभियंताओं के मासिक निरीक्षण कार्यक्रम को अनिवार्य किया गया, जिससे तकनीकी खामियों को तुरंत दूर किया जा सकेहमारा उद्देश्य राजस्थान के शहरी क्षेत्रों को आधुनिक, समृद्ध और सुविधाजनक बनाना है। इन प्रयासों से न केवल शहरों की बुनियादी संरचना में सुधार होगा, बल्कि आमजन का जीवन भी सुगम बनेगा। यह हमारी प्रतिबद्धता है कि हर योजना में समयबद्धता, पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित हो, ताकि राजस्थान प्रगति के नए आयाम छू सके।

- **ये अधिकारीगण रहे मौजूद**

» बैठक में प्रमुख शासन सचिव स्वायत्त शासन विभाग राजेश यादव, निदेशक एवं विशिष्ट सचिव स्वायत्त शासन विभाग कुमार पाल गौतम, आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल डॉ. रश्मि शर्मा, वित्तीय सलाहकार स्वायत्त शासन विभाग महेन्द्र मोहन, परियोजना निदेशक (यूआई) रूडसिको अरूण व्यास, परियोजना निदेशक (आवासन) प्रदीप गर्ग तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी अधिकारियों ने भाग लिया।

# पाली जिले की बगडीनगर थाना पुलिस ने 11 के.बी. बिजली लाईन के करीब 55 विद्युत पोल के तार चोरी की वारदात का किया पर्दाफाश

## गिरोह के 06 शातिर बदमाश गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त वाहन पिकअप जब्त

चमकता राजस्थान

जयपुर/पाली (खलील कुरैशी) 06 दिसम्बर।पाली जिले की बगडीनगर थाना पुलिस ने 11 केवी बिजली लाईन के करीब 55 विद्युत पोल के तार चोरी की वारदात का पर्दाफाश कर छह आरोपियों गोविन्द नाथ उर्फ पिन्टुनाथ पुत्र माणक नाथ (37) निवासी चण्डावलनगर थाना सोजत सिटी हॉल बगडीनगर, बलवंत सिंह उर्फ बलवीर सिंह पुत्र सोहन सिंह (22) निवासी रामगढ थाना मसूदा जिला ब्यावर एवं प्रहलाद सिंह उर्फ छोटु उर्फ बलु पुत्र लाल सिंह (20), खुम सिंह पुत्र रघुवीर सिंह (19), लोकेश सिह पुत्र पन्ना सिंह (19) व नरपत सिंह पुत्र वेन सिंह (19) निवासी हाथीभाटा थाना करेडा जिला भीलवाडा को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त एक पिकअप जब्त की है।एसपी चुनाराम जाट ने बताया कि 12 सितंबर को जेईएन भरत सिंह चारण ने रिपोर्ट दी थी कि 11-12 सितंबर की मध्य रात बगडीनगर से साण्डिया जाने वाले रास्ते पर लगे करीब 55 विद्युत पोल के बीच के 11 केवी बिजली तार अज्ञात चोर चोरी



कर ले गये। रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया।घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी जाट के निर्देशानुसार एएसपी विपिन शर्मा व सीओ अनिल सारण के सुपरविजन में एसएचओ बगडीनगर अशोकसिंह मय टीम द्वारा वारदात के बाद लगातार तकनीकी एवं मुखबिर तंत्र से प्राप्त आसूचना का गहनता से विश्लेषण कर संदिग्ध मुलजिमों को दस्तयाब कर पूछताछ के बाद वारदात का खुलासा किया। मामले में चोर गिरोह के इन 6 बदमाशों को गिरफ्तार कर इनसे तार बरामदगी के प्रयास किये जा रहे हैं। प्रारंभिक पूछताछ में गिरफ्तार आरोपियों ने बगड़ी कलालिया व कालब कला के बीच जंगल में विद्युत पोल से तार चोरी करना स्वीकार किया है। गिरोह के सदस्य वारदात के एक-दो दिन पहले सुनसान रास्तों पर लगे विद्युत पोल की रैकी करते। रात के समय पिकअप गाड़ी लेकर आते, एक सदस्य चौराहे पर बैठ नजर रखता। मध्य रात्रि में कटट्र द्वारा तारों को काट कर पिकअप मे भरकर ले जाते।आरोपियों की पहचान एवं गिरफ्तारी में थाना बगड़ी नगर के कांस्टेबल धर्मेंद्र सिंह और देवीलाल की विशेष भूमिका रही।

### चिकित्सा विभाग में मिशन मोड में भर्तियां

- **नर्सिंग ऑफिसर के 8750 पदों की भर्ती प्रक्रिया पूर्ण 7657 पदों के लिए अंतिम वरीयता सूची जारी**
- **अल्प समय में 7 कैडर के 17 हजार पदों पर भर्ती प्रक्रिया हुई पूरी**

**चमकता राजस्थान। जयपुर!(खलील कुरैशी) 6 दिसंबर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल एवं चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देशन में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में विभिन्न पदों पर भर्तियों के कार्य को मिशन मोड में पूरा किया जा रहा है। रिकॉर्ड समय में 7 कैडर के नियमित भर्ती के 17 हजार पदों पर भर्ती प्रक्रिया को पूर्ण किया गया है। चिकित्सा विभाग ने शुक्रवार को नर्सिंग ऑफिसर के 8 हजार 750 पदों पर भर्ती प्रक्रिया को पूर्ण करते हुए 7 हजार 657 पदों की अंतिम वरीयता सूची जारी कर दी है। शेष पदों पर विभिन्न कारणों से परिणाम रोका गया है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि विभाग में विभिन्न पदों पर भर्ती प्रक्रिया को तेजी से पूरा किया जा रहा है। शुक्रवार को नर्सिंग ऑफिसर के 8750 पदों पर भर्ती प्रक्रिया को पूर्ण करते हुए 7657 पदों की अंतिम वरीयता सूची जारी कर दी गई है। विभिन्न कारणों से 1013 अभ्यर्थियों का परिणाम रोका गया है। न्यायालय के आदेश के कारण 43 पद रिक्त तक रखे गए हैं एवं 37 पद सहरिया बैकलॉग के हैं। उन्होंने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों के पदस्थापन आदेश अलग से जारी किए जाएंगे। निदेशक अराजपत्रित राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान के माध्यम से 8 कैडर के करीब 20 हजार 546 पदों पर नियमित भर्ती का कार्य किया जा रहा है। मिशन मोड में कार्य करते हुए अल्प समय में सात कैडर दंत तकनीशियन, ईसीजी तकनीशियन, लैब टेक्नीशियन, नेत्र सहायक, सहायक रेडियोग्राफर, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं नर्सिंग ऑफ़सिर के करीब 17 हजार पदों पर भर्ती का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इनमें से 6 कैडर के 8 हजार विभिन्न पदों पर नियुक्ति एवं पदस्थापन की कार्यवाही भी पूरी की जा चुकी है। नर्सिंग आफिसर के चयनित अभ्यर्थियों को शीघ्र पदस्थापन दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि 20 हजार 546 पदों में से अब केवल फार्मासिस्ट कैडर की भर्ती प्रक्रिया पूर्ण होना शेष है, जिसे जल्द पूरा किए जाने का प्रयास किया जा रहा है।

## मनुष्य की विकृति प्रकृति पर हावी हो गई है : डॉ. कुसुम

# मुक्त मंच की 92 वीं संगोष्ठीः 'बढ़ता जल और वायु प्रदूषण और साँसों का संकट'

## विश्व की तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति बनने में प्रदूषण एक बडी चुनौतीः ओझा

चमकता राजस्थान

जयपुर!(खलील कुरैशी) 6 दिसंबर।मुक्त मंच की 92 वीं संगोष्ठी ''बढ़ता जल और वायु प्रदूषण और साँसों का संकट'' विषय पर योग आश्रम में परमहंस योगिनी डॉ.पुष्पलता गर्ग के सान्निध्य में सम्पन्न हुई।बहुभाषाविद डॉ.नरेन्द्रशर्मा कुसुम ने अध्यक्षता की। शब्द संसार के अध्यक्ष श्रीकृष्ण शर्मा ने संयोजन किया। अध्यक्षीय भाषण में डॉ.कुसुम ने कहाकि मनुष्य स्वयं प्रकृति के विनाश का कारण बन रहा है। सृष्टि ने जल-वायु और प्रकृति के अन्य उपादान मंगल हेतू बनाए किन्तु मनुष्य इस विधान का उल्लंघन कर रहा है। जल,वायु प्रदूषण के मुख्य कारण बढती आबादी, बेइन्तहा कटते हरे पेड हैं। उत्सर्जित गैसों और गुर्द-गुबार से असन्तुलन बढ़ रहा है।हम संविधान की प्रवेशिका की अनदेखी करते हैं।मुख्य अतिथि आईएएस रिटा.अरुण ओझा ने कहा कि जब तक हर व्यक्ति अपनी संवैधानिक जिम्मेदारी का पालन नहीं करता प्रदूषण बना रहेगा। यदि




शासकीय निकाय अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन ढंग से करें तो प्रदूषण थम सकता है पर यह द्विपक्षीय जिम्मेदारी है। हम विश्व की तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति बनना चाहते हैं लेकिन प्रदूषण एक बडी चुनौती है। गन्दे पानी के कारण स्वास्थ्य लाभ के लिए दवाइयाँ खानी पडती हैं। यह प्रदूषण का परिणाम है। आज आर.ओ. पानी बोटल्ड वाटर 2023 में 312.67 बिलियन डालर का मार्केट हो गया जो 2032 में यह 503.05 बिलियन डॉलर का हो जायेगा।

संयोजकीय वक्तव्य में श्रीकृष्ण शर्मा ने कहा कि गंगा के प्रदूषित जल में 100 फुट पानी में 540 स्तर का फोकल कॉलीफार्म पाया जाता है जो हानिकारक है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के अनुसार गंगा के उदगम, देहरादून, उत्तरकाशी, चमोली, हरिद्वार, टिहरी में 53 सीवर ट्रीटमेंट प्लान्ट अधिकांश समय बन्द पडे रहते हैं। गंगा की सहायक नदियों में काली हिण्डन, रामगंगा, तमस वरुण में भी कोकल कॉलीफॉर्म की मात्रा बहुतायत है। फलतः कार्बन मोनो-ऑक्साईड, नाइट्रोजन ऑक्साइड तथा सल्फर डाई ऑक्साईड्की मात्रा आवशयकता से अधिक मिली है। घर-घर एयर प्यूरीफायर लगाने,घरों में ग्रीन वाल बनाने, वैण्टीलेशन सिस्टम को हवादार बनाने, डीजल जगह इलैक्ट्रिक वाहनों का प्रयोग बढ़ाने की जरूरत है।पूर्व कुलपति डॉ.पी.सी.त्रिवेदी ने कहा कि जब तक हर व्यक्ति पर्यावरणीय शुद्धि के लिए काम नहीं करेगा प्रदूषण रहेगा। जयपुर के सांगानेर की रँगाई छपाई के कारण प्रदूषण से हाल बेहाल है।हमारे मस्तिष्क ही पोल्यूटेड हो गए हैं। हमें विज्ञान को अपनाना होगाआईएएसरिटा.आर.सी.जैन ने कहा कि ना तो शहरी निकाय और ना ही जनता,कोई मेहनत करना नहीं चाहते और ना कोई ठोस कदम उठाते हैं।आईएएस रिटा.अब्दुल रज़्जाक पठान ने कहा कि एक तरफ आबादी का विस्फोट हो रहा है,दूसरी ओर हम पुराने ऊर्जा स्त्रोतों पर निर्भर हैं। कार्बन डाई ऑक्साइड का भयावहता है जबकि विकसित देश प्रदूषण नियंत्रण के लिए ऊर्जा के परम्परागत साधनों को त्याग चुके हैं और ऐटोमिक एनर्जी, सोलर एनर्जी, हाइड्रो बेस्ड एनर्जी काम में ले रहे हैं। ऊर्जा का प्रतिव्यक्ति खपत अमेरिका में हमसे 50 गुना अधिक है पर वहाँ स्वच्छ ऊर्जा का उपयोग अधिक हो रहा है। वैज्ञानिकचिन्तकडॉ.एस.सी.गुप्ता ने कहाकि जलवायु की स्वच्छता में व्यक्तिगत सुविधाएँ और स्वार्थ आडे आते है। अधिवक्ता भारतभूषण पारीक ने कहाकि वायु प्रदूषण के लिए जीवाश्म ईंधन का दहन,औद्योगिक इकाइयों के प्रदूषक पराली, मीथेन का उत्सर्जन ह्रदय रोगों को बढ़ाताहै।ओद्यौगिक कचरा,घरेलू अपशिष्ट प्लास्टिक कचरा,जलीय पारिस्थितिकी तन्त्र को क्षतिग्रस्त करता है।बाल्कू (अजर्बेजान) सम्मेलन में विकसित देशों द्वारा 1300 अरब डॉलर की बजाय केवल तीन सौ अरब डॉलर दिए जाने पर विवाद में भारत ने पूर्व स्वीकृति देकर भी असहमति प्रकट की है। भारत ने फैसलों को पर्यावरणीय न्याय के खिलाफ बताया है। संगोष्ठी में डॉ. सावित्री रायजादा,फारुक आफरीदी, इन्द्रकुमार भंसाली, सुमनेश शर्मा, यशवन्त कोठारी, लोकेश शर्मा, डॉ. मंगल सोनगरा और मोहम्मद जाबिर ने भी विचार व्यक्त किए। परमहंस योगिनी डॉ. पुष्पलता गर्ग ने धार्मिक ग्रन्थों के परिप्रेक्ष्य में स्वच्छता के महत्व को दर्शाया।

# बिजली व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत आम उपभोक्ता को हो निर्बाध विद्युत आपूर्ति रही: ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

चमकता राजस्थान



**जयपुर! (खलील कुरैशी) 6 दिसंबर।** ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर की अध्यक्षता में शुक्रवार को विद्युत विभाग केअधिकारियों के साथ सवाई माधोपुर जिला परिषद सभागार में बैठक आयोजित हुई।राज्य मंत्री ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से कहा कि सरकार आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण को लेकर संवेदनशील है। बिजली वितरण व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन की समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए। रबी फसल हेतु कृषि उपभोक्ताओं को नियमित एवं निरन्तर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी जनप्रतिनिधियों से चर्चा कर उपभोक्ता हित में कार्य सुनिश्चित करें।उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों से कृषि व विद्युत कनेक्शनों की जानकारी लेते हुए पूर्ण संवेदनशीलता, सक्रियता के साथ लंबित विद्युत कनेक्शनों को त्वरित प्रभाव से जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने जले हुए ट्रांसफार्मरों को तुरन्त बदलने और विद्युत कनेक्शन निर्धारित समयावधि में जारी करने के निर्देश भी संबंधित विद्युत विभाग के अधिकारी को दिए।बैठक में आरडीएसएस योजना के तहत नये 33/11 केवी सब स्टेशन निर्माण, ओवरलोडिंग के समाधान के लिए 33/11 केवी लाइनों का विभाजन, कृषि फीडरों के माध्यम से किसानों के लिए विद्युत आपूर्ति में सुधार तथा दिन में किसानों को बिजली उपलब्ध करवाने के संबंध में संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि पीएम कुसुम योजना, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के बारे में जागरूकता अभियान चलाकर आमजन एवं किसानों को लाभांवित किया जाए ताकि किसानों की आय बढ़े।इस दौरान उन्होंने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का घर-घर जाकर व्यापक प्रचार-प्रसार कर सोलर संयंत्र लगाने के लाभों से आम उपभोक्ता को जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने रबी की फसल के लिए कृषि उपभोक्ताओं को 6 घण्टे, घरेलू व औद्योगिक उपभोक्ताओं को 24 घण्टे निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।उन्होंने बैठक में विभागीय अधिकारियों को बिजली आपूर्ति के सिस्टम को दुरूस्त करने और नई परियोजनाओं को गति देने पर जोर दिया। उन्होंने खण्डार क्षेत्र में विद्युत ट्रांसमिशन लाईन के दोहरीकरण एवं आपात स्थिति हेतु मध्यप्रदेश से जुड़ी इंटर स्टेट लाईन को पुनः प्रारंभ करवाने हेतु प्रस्ताव भिजवाने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए है।

### ये गणमान्य जनप्रतिनिधि रहे मौजूद

» बैठक में खण्डार विधायक जितेन्द्र गोठवाल, बामनवास विधायक इन्द्रा मीणा, सुशील दीक्षित खण्डार प्रधान नरेन्द्र चौधरी एवं विद्युत विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे जयपुर ग्रामीण सांसद राव साहब

- **स्वामी माधोनाथ महाराज की मूर्ति का भी होगा अनावरण समारोह।**

**चमकता राजस्थान।** शाहपुरा (खलील कुरैशी) शाहपुरा त्रिवेणी गंगा माता मंदिर परिसर में श्री त्रिवेणी गंगा मंदिर रैगर धर्मशाला सभा ट्रस्ट के पदाधिकारी व रैगर समाज के लोगों की बैठक ट्रस्ट के प्रधान जेपी महोलिया की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में ट्रस्ट के संस्थापक त्याग मूर्ति स्वामी माधोनाथ महाराज की पुण्यतिथि 9 दिसंबर को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। जिसमें 8 दिसंबर की रात्रि को भजन कीर्तन, सत्संग, 9 दिसंबर को मूर्ति का अनावरण व नाथावाला में नवनिर्मित रैगर समाज के छात्रावास का उद्घाटन समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया। समारोह के मुख्य अतिथि जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह होंगे। कार्यक्रम कीअध्यक्षता ट्रस्ट के प्रधान जगदीश प्रसाद महोलिया करेंगे। विशिष्ट अतिथि विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़, टोंक निवाई विधायक राम सहाय वर्मा, जिला प्रमुख रमा चोपड़ा, अखिल भारतीय रेगर महासभा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष टीआर वर्मा, डॉक्टर एसके मोहनपुरिया सहित कई जनप्रतिनिधि विशिष्ट अतिथि होंगे। जानकारी देते हुए सेवानिवृत प्राचार्य सूरजमल चंदोलिया ने बताया कि रेगर समाज का छात्रावास नाथावाला में भामाशाह के सहयोग से निर्मित हुआ है। जिसका उद्घाटन 9 दिसंबर को होगा। इस मौके पर 9 दिसंबर को विशाल पंगत प्रसादी का आयोजन भी किया जाएगा। कार्यक्रम में 60 गांव के रैगर समाज के लोग शामिल होंगे।

### राज्यपाल ने सशस्त्र सेना झण्डा दिवस पर शहीदों को श्रद्धा-सुमन अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

- **राज्यपाल बागडे से राज्य सैनिक कल्याण विभाग के निदेशक ब्रिगेडियर वीरेंद्र सिंह राठौड़ की मुलाकात**



**चमकता राजस्थान। जयपुर! (खलील कुरैशी) 6 दिसम्बर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने सशस्त्र सेना झण्डा दिवस (7 दिसम्बर) के अवसर पर राष्ट्र के लिए अपना सर्वस्व होम करने वाले शहीदों का स्मरण करते हुए श्रद्धा-सुमन अर्पित किए है। सशस्त्र झंडा दिवस के संदर्भ में राज्य सैनिक कल्याण विभाग के निदेशक ब्रिगेडियर वीरेंद्र सिंह राठौड़ ने राजभवन पहुंच कर प्रतीक रूप में उनके तिरंगे झंडे का स्टीकर लगाया। राज्यपाल ने इस दौरान पूर्व सैनिकों के लिए अपनी ओर से सहयोग राशि भी प्रदान की।राज्यपाल ने कहा कि सशस्त्र सेना झण्डा दिवस शहीदो एवं उनके परिजनों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का पावन अवसर हैं। उन्होंने इस अवसर पर सैनिको और शहीदों के परिजनों के कल्याण के लिए सभी से सामर्थ्य अनुसार उदारता पूर्वक सहयोग करने की अपील की है। उन्होंने सहस्त्र सेना झण्डा दिवस पर देश के सभी जवानों, पूर्व सैनिकों, उनके परिजनों और समस्त देश-प्रदेशवासियों को बधाई दी।

### राज्यपाल बागडे से विधानसभा अध्यक्ष प्रो. वासुदेव देवनानी ने की मुलाकात



**चमकता राजस्थान। जयपुर!(खलील कुरैशी) 6 दिसंबर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से राजभवन में शुक्रवार को विधानसभा अध्यक्ष प्रो. वासुदेव देवनानी ने मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने राज्यपाल को श्रीमद्भगवद् गीता की प्रति भी भेंट की। राज्यपाल से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

### मुख्यमंत्री ने संविधान निर्माता डॉ.भीमराव अम्बेडकर दी आत्मीय श्रद्धांजलि

- **महानिर्वाण दिवस पर अर्पित किये श्रद्धासुमन**



**चमकता राजस्थान। जयपुर!(खलील कुरैशी) 06 दिसम्बर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भारतीय संविधान के निर्माता और समाज सुधारक डॉ. भीमराव अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर शुक्रवार को उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया।मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित कार्यक्रम में शर्मा ने कहा कि डॉ. अम्बेडकर ने समाज में दलितों, पिछड़े वर्गों, महिलाओं और शोषितों के अधिकारों के लिए संघर्ष कर भारतीय समाज को बदलाव की दिशा दी। उनके विचार आज भी हमारे समाज में जीवित हैं। हम सभी को डॉ. अम्बेडकर के योगदान को याद करते हुए उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लेना चाहिए।

## भागीरथ चौधरी ने संसद में दी जैविक खेती के बारे में जानकारी, उपराष्ट्रपति ने की उनके अनुभव की सराहना

### चौधरी ने जैविक और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने सहित खेती किसानी से जुड़े संसद सदस्यों के सवालों के दिए जवाब

चमकता राजस्थान







दिल्ली/जयपुर/(खलील कुरैशी) 6 दिसंबर 2024 केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने शुक्रवार को संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान लोकसभा और राज्यसभा में संसद सदस्यों के खेती किसानी से संबंधित विभिन्न प्रश्नों के जवाब देते हुए केंद्र सरकार की कृषि नीति और योजनाओं का व्यापक विवरण प्रस्तुत किया। केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने संसद में बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2014 से केंद्र सरकार ने कृषि भूमि पर रासायनिक खादों के दुष्प्रभाव को रोकने और प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए तीन प्रमुख योजनाएं लागू की हैं। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के तहत 70,000 कृषि सखियों को ङउ के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया। 7 लाख प्रशिक्षण प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किए गए। 93,781 किसानों को इन कार्यक्रमों से जोड़ा गया तथा 7,425 किसान मेलों का आयोजन किया गया।

- **राष्ट्रीय प्राकृतिक कृषि मिशन :**

केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने विशेष रूप से ₹राष्ट्रीय प्राकृतिक कृषि मिशन₹ का उल्लेख करते हुए बताया कि इसके माध्यम से जैविक और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। इस मिशन का उद्देश्य कृषि में रसायनों पर निर्भरता कम करना और किसानों को प्राकृतिक खेती के माध्यम से उनकी उपज में वृद्धि और लागत में कमी का लाभ देना है।

- **उपराष्ट्रपति ने की भागीरथ चौधरी के अनुभव की सराहना :**

संसद में अपने वक्तव्य के दौरान राज्यसभा के सभापति और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी की सराहना करते हुए कहा कि कृषि मामलों में उनकी गहन जानकारी और अनुभव का कोई मुकाबला नहीं है। मैंने स्वयं उन्हें पिछले 50 वर्षों से खेती करते देखा है। उन्होंने दिल से अपनी बात रखी है और किसानों की भावनाओं को स्पष्ट रूप से व्यक्त किया है।

- **केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता :**

केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने किसानों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में केंद्र सरकार किसानों के कल्याण और कृषि विकास के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। जैविक और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने वाले कार्यक्रमों का विस्तार करते हुए देश भर के किसानों को सशक्त बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह सरकार की प्राथमिकता है कि किसान जैविक खेती और प्राकृतिक खेती को अपनाएं, जिससे न केवल उनकी आय में वृद्धि हो, बल्कि पर्यावरण और कृषि भूमि की उर्वरता भी बनी रहे।

## वेस्ट टू एनर्जी प्रोजेक्ट के लिए हेरिटेज निगम और जिंदल ग्रुप के मध्य हुआ एमओयू

- **कचरे से बिजली बनाने में खर्च होने 350 करोड़ रुपए, नए साल से शुरू होगा बिजली का उत्पादन**
- **लंगड़ियावास में वेस्ट टू एनर्जी प्लांट बनकर तैयार, बिजली बनाने का ट्रायल होगा इसी महीने**



**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)।** नगर निगम हेरिटेज के बहुप्रतीक्षित वेस्ट टू एनर्जी प्रोजेक्ट को लेकर खुश खबरी आई है। अब जल्द ही जयपुर में कचरे से बिजली का उत्पादन शुरू हो जाएगा। शुक्रवार को नगर निगम हेरिटेज मुख्यालय में हेरिटेज निगम आयुक्त अरुण कुमार हसीजा और जिंदल अर्बन वेस्ट मैनेजमेंट कंपनी के बीच प्लांट के संचालन को लेकर एमओयू साइन हुआ। कंपनी वेस्ट टू एनर्जी प्रोजेक्ट में लगभग 350 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। इसके लिए भारत सरकार के पावर फाइनेंस कार्पोरेशन लिमिटेड से 192 करोड़ रुपए का ऋण भी मिलेगा। वहीं प्लांट शुरू होने के बाद जिंदल ग्रुप की ओर से हेरिटेज निगम को प्रति टन के 66 रुपए दिए जाएंगे। ऐसे में महीने भर का हेरिटेज निगम को करीब 20 लाख रुपए का राजस्व की प्राप्ति होगी।

प्लांट के संचालन के लिए हेरिटेज निगम को देना होगा प्रतिदिन 1 हजार टन कचरा

हेरिटेज निगम आयुक्त अरुण कुमार हसीजा ने बताया कि वेस्ट टू एनर्जी प्रोजेक्ट पर कार्य काफी समय से चल रहा था। अब ये लगभग बनकर तैयार है। ऐसे में शुक्रवार को जिंदल ग्रुप के अधिकारी और पावर फाइनेंस कार्पोरेशन लिमिटेड के अधिकारियों के साथ प्लांट के संचालन के लिए एम ओ यू किया गया है। ये जयपुर शहर के लिए बड़ी उपलब्धि है। प्लांट के संचालन के लिए निगम की ओर से रोजाना एक हजार टन कचरा उपलब्ध कराया जाएगा। जो कि अभी हेरिटेज निगम डोर टू डोर कचरा संग्रहण और डिपो से कलेक्ट कर रहा है। इस दौरान अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्रवन कुमार वर्मा, जिंदल ग्रुप के फाइनेंस डायरेक्टर प्रणय कुमार, उप महा प्रबंधक हरि प्रसाद सिंह, प्लांट हेड धीरज अग्रवाल, पावर फाइनेंस कार्पोरेशन लिमिटेड से लिसा रे मौजूद रहे। प्लांट शुरू होते ही निगम को होगा राजस्व का फायदा आयुक्त अरुण हसीजा ने बताया कि जिंदल ग्रुप की ओर से इस प्लांट के संचालन के लिए हेरिटेज निगम को लायल्टी भी मिलेगी, जो कि 66 रुपए प्रति टन कचरा होगी। ऐसे में ये आंकलन किया गया है, निगम की करीब 20 लाख रुपए प्रति महीना राजस्व मिलेगा। दिसंबर में होगा ट्रायल, मार्च से पहले बिजली उत्पादन शुरू आयुक्त अरुण हसीजा ने बताया कि कंपनी की ओर से प्लांट पर ट्रायल इसी महीने किया जाएगा। और इसी वित्तीय वर्ष में प्रोजेक्ट शुरू हो जाएगा।

## अंबेडकर पॉर्क में महापरिनिर्वाण दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन

चमकता राजस्थान।





**नदबई,(राजवीर सिंह)।** कस्बे में नगर रोड़ स्थित अंबेडकर पॉर्क पर महापरिनिर्वाण दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन सांसद प्रतिनिधि गिरीश जौहरी के नेतृत्व में किया गया।जिसका शुभारम्भ कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष हरस्वरूप शर्मा व प्रदेश सचिव प्रशान्त उपाध्याय ने किया। संगोष्ठी में प्रदेश सचिव ने डॉ भीमराव अंबेडकर की जीवनी पर चर्चा करते हुए लोकतंत्र की मजबूती के लिए संविधान को मजबूत नींव बताया। वही सांसद प्रतिनिधि गिरीश जौहरी ने कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर डॉ अंबेडकर के मार्गदर्शन पर चलने का संकल्प दिलाया। बाद में कार्यकर्ताओं ने डॉ अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। इस दौरान युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष प्रभाव चौधरी, शहर अध्यक्ष अनुभव शर्मा, पूर्व पार्षद फूलचंद गर्ग व मदनलाल बिहारिया, ज्वालादत्त वकील, मनीष सेजवाल, डॉ के.पी.सिंह, लखन गुर्जर, ठाकुर सिंह आदि मौजूद रहे।

## रेलवेओबीसी एसोसिएशन फुलेरा की कार्यकारिणी का गठन

**चमकता राजस्थान।** फुलेरा (दामोदर कुमावत) ऑल इंडिया रेलवे ओबीसी एंप्लाइज एसोसिएशन फुलेरा शाखा की कार्यकारिणी का गठन किया गया है। एसोसिएशन के मंडल सचिव अनिल कुमार ने बताया कि एसोसिएशन फुलेरा शाखा कार्यकारिणी का गठन, चुनाव के द्वारा किया गया। कार्यकारिणी सदस्यों को निर्विरोध चुना गया है। संजय कुमार, ट्रैकमेंटेनर अध्यक्ष के पद पर जबकि अनिल कुमार यादव, सहायक लोको पायलट शाखा सचिव के पद पर निर्वाचित हुए हैं। कार्यकारी अध्यक्ष नंदलाल दायल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष , संतोष कुमार सैन एवं कार्यलय सचिव के पद पर दुर्गेश कुमार कुमावत निर्वाचित हुए हैं। संगठन को मजबूती देने के लिए मंगल राम स्वामी एवं हुकुम सिंह यादव को उपाध्यक्ष, राजेंद्र कुमार काजला , सूरजमल कुम्हार एवं ब्रजेश कुमावत संयुक्त सचिव, रतिराम यादव, मूलचंद प्रजापति एवं संजय कुमार चौधरी सहायक सचिव के पद पर निर्वाचित हुए हैं जबकि जसवेंद्र कुमार यादव कोषाध्यक्ष के रूप में निर्वचित हुए हैं। नवनिर्वाचित सभी पदाधिकारियों ने एसोसिएशन को मजबूती प्रदान करने का संकल्प लिया है।

# पुलिस थाना बगरू के ठिकरिया ग्राम पंचायत में हुआ रात्रि चौपाल का आयोजन

- **ग्रामीणों को न्यू क्रिमिनल लॉ 2023 व महिलाओं को महिला सुरक्षा बाल सुरक्षा कानून की एंव साईबर फ्रॉड आदि दी गई जानकारी**
- **ग्रामीणों की वर्तमान में उत्पन्न समस्याओं के बारे प्राप्त की गयी जानकारी**

चमकता राजस्थान



**जयपुर (खलील कुरैशी) दिनांक 05.12.2024 जयपुर।** पुलिस उपायुक्त जयपुर (पश्चिम) अमित कुमार आई.पी.एस. ने बताया माननीय प्रधानमंत्री द्वारा महानिदेशक / महानिरीक्षक पुलिस सम्मेलन में सभी जिलों को दिशा निर्देश दिया गया था कि जिले के प्रशासन को गांव वालों से रात्रि चौपाल आदि के माध्यम से संवाद स्थापित कर न्यू क्रिमिनल लॉ की जानकारी एवं ग्रामीण स्तर पर उत्पन्न समस्याओं को जानकारी प्राप्त कर उनका आधारभूत समाधान किया जाए।जिसपर हेमेंद्र शर्मा आईपीएस सहायक पुलिस आयुक्त बगरू जिला जयपुर पश्चिम मोतीलाल शर्मा थानाधिकारी पुलिस थाना बगरू के साथ दिनांक 5 दिसंबर 2024 को पुलिस थाना बगरू क्षेत्र के ठिकरिया ग्राम पंचायत में पहुंचकर रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। रात्रि चौपाल में सभी ग्रामीणों से उनकी साथ बैठकर उनके आधारभूत समस्याओं को जाना गया। सभी ग्रामीणों को न्यू क्रिमिनल लॉ 2023 के संबंध में आ रही समस्त समस्याओं को सुना गया और सभी ग्राम वासियों को न्यू क्रिमिनल लॉ के बारे में जानकारी प्रदान की गई। पुलिस द्वारा चलाए जा रहे हैं इमरजेंसी डायल नंबरों के बारे में जानकारी दी गयी। पुलिस मित्र, सुरक्षा सखी आदि के साथ महिला सुरक्षा एवं बाल सुरक्षा के संबंध में नए कानून कीजानकारी दी गई। पुलिस विभाग द्वारा जागरूकता हेतु चलाए जा रहे अभियानों के बारे में जानकारी प्रदान की गई । बच्चियों को उनके सुरक्षा हेतु निर्भया स्क्वाड पर डायल 1090 के बारे में जानकारी प्रदान की गई। समस्त ग्रामीणों को वर्तमान परिदृश्य में चल रहे साइबर फ्रॉड के बारे में जानकारी प्रदान की गई जिसके अंतर्गत डिजिटल अरेस्ट किस तरीके से होता है हमें उसमें क्या सावधानी रखनी चाहिए। इंस्टाग्राम पर फर्जी और लुभावने एड लगाकर ऑफर देना और बाद में टैक्स जीएसटी आदि के नाम पर फ्रॉड करना, खुद को आर्मी ऑफिसर बात कर सामान बेचने के नाम पर फ्रॉड करना, किसी परिचित का जानकार बनाकर पैसे फोन पर करने का ऑफर देकर खाते से पैसे निकलना आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

## संक्षिप्त समाचार

### एस्टीरिया एयरोस्पेस ने सेना को एटी-15 वीटोल ड्रोन सौंपे

- जियो प्लेटफ़ॉर्म्स की इकाई है एस्टीरिया एयरोस्पेस
- एटी-15 देश की सीमाओं की सुरक्षा करने में मदद करेगी



**चमकता राजस्थान। बेंगलुरु।** एस्टीरिया एयरोस्पेस ने भारतीय सेना को एटी-15 वर्टिकल टेकऑफ़ और लैंडिंग (वीटोल) ड्रोन की डिलिवरी पूरी कर दी है। यह अब तक का सबसे बड़ा स्वदेशी ड्रोन कॉन्ट्रैक्ट है, जो भारत को रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर ले जा रहा है।

एटी-15 ड्रोन दुश्मन की गतिविधियों पर नज़र रखने और आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएंगे। यह 6,000 मीटर की ऊंचाई पर तेज़ हवाओं में भी काम करने में सक्षम है। 120 मिनट की उड़ान क्षमता और 20 किमी की रेंज वाला यह ड्रोन दिन-रात उच्च-गुणवत्ता वाली निगरानी कर सकता है।

एस्टीरिया के निदेशक नील मेहता ने कहा, ₹हम रक्षा क्षेत्र में स्वदेशी समाधान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।₹ बेंगलुरु स्थित कंपनी की अत्याधुनिक रिसर्च लैब भविष्य की तकनीकों पर काम कर रही है। एटी-15 भारतीय सीमाओं की सुरक्षा में अहम साबित होगा।

### समाजसेवा के प्रति समर्पण और मानवता की मिसाल प्रस्तुत करते हुए, हमारे हर घर शिक्षा टीम के मजबूत स्तंभ

- श्यामसुंदर मीणा और बंटी मीणा




**चमकता राजस्थान। धौलपुर रामदास तरुण।** आज बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की पुण्यतिथि के अवसर पर अपने जीवन का चौथा रक्तदान करके जरूरतमंद महिलाओं को नई जिंदगी देने का अनमोल कार्य किया।रक्तदान एक जीवनदायिनी कार्य है, और इन दोनों ने यह दिखा दिया कि समाज में समानता और मानवता के प्रति समर्पण केवल शब्दों तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि इसे अपने कर्मों से भी प्रदर्शित किया जाना चाहिए। इस प्रेरणादायक कदम से न केवल जीवन बचाए जा रहे हैं, बल्कि यह समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास भी है। शयामसुंदर और बंटी मीणा की यह प्रेरणा हमें यह सिखाती है कि हर व्यक्ति का रक्तदान न केवल एक दान है, बल्कि यह समाज में प्यार, सहयोग और समानता की भावना को बढ़ावा देता है। उनकी यह पहल समाज में जागरूकता फैलाने और एक मजबूत सामाजिक ताने-बाने को बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमारी टीम इस महान कार्य के लिए उनका आभार व्यक्त करती है और उम्मीद करती है कि उनकी यह पहल दूसरों को भी प्रेरित करेगी,

### विद्युत निजीकरण के विरोध में ग्रामीणों ने दिया ज्ञापन, धरने की चेतावनी

- निजीकरण नही रोकने पर उपतहसील मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन की चेतावनी



**चमकता राजस्थान। नदबई, (राजवीर सिंह)।** विद्युत निगम के निजीकरण के विरोध में शुक्रवार को ग्रामीणों ने लखनपुर नायब तहसीलदार को ज्ञापन देते हुए नाराजगी जताई। वही, विद्युत निजीकरण रोकने की मांग करते हुए धरने की चेतावनी दी। बाद में नायब तहसीलदार दीपा यादव ने विभागीय उच्चाधिकारियों को अवगत कराने के आश्वासन दिया। इससे पहले ग्रामीणों ने विद्युत निगम का निजीकरण होने से ग्रामीण क्षेत्र में ग्रामीणों को असुविधा होने व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजना से लाभान्वित नही होने का आरोप लगाया। बाद में ग्रामीणों ने नायब तहसीलदार को ज्ञापन देते हुए विद्युत निगम का निजीकरण रोकने की मांग की। वही, निजीकरण नही रोकने पर उपतहसील कार्यालय पर धरने की चेतावनी दी। इस दौरान महेश लखनपुर, लेखराज सोलंकी, समय सिंह दयावली, डिगम्बर आदि मौजूद रहे।

# उल्लास एवं उमंग के साथ मनाया गया नागरिक सुरक्षा के 62वां स्थापना दिवस

## नागरिक सुरक्षा निदेशालय में आयोजित हुआ स्थापना दिवस समारोह

### आयुक्त अनुप्रेरणा सिंह कुंतल एवं जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने की शिरकत

चमकता राजस्थान

**जयपुर!(खलील कुरैशी) 06 दिसंबर।** विद्याधर नगर स्थित निदेशालय नागरिक सुरक्षा भवन में नागरिक सुरक्षा का 62वां स्थापना दिवस उत्साह, उमंग और उल्लास के साथ मनाया गया। समारोह में मुख्य अतिथि अनुप्रेरणा सिंह कुंतल, आयुक्त नागरिक सुरक्षा विभाग द्वारा झंडारोहण किया गया।आयुक्त अनुप्रेरणा सिंह कुंतल एवं जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी द्वारा सक्षम जयपुर-2024 के अन्तर्गत समस्त उपखण्डों में आपदा प्रबन्धन एवं नागरिक सुरक्षा का एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं जन जागरूकता कार्यक्रम संबंधी पोस्टर विमोचन किया गया। उप नियंत्रक नागरिक सुरक्षा श्री अमित शर्मा ने बताया कि इस अभियान के अन्तर्गत प्रत्येक बुधवार को जयपुर के प्रत्येक उपखण्ड पर आपदा प्रबन्धन एवं नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण एवं जन जागरूकता कार्यक्रम में आम लोगों को जागरुक किया जाकर उनका क्षमता संवर्धन किया जा रहा है।समारोह में स्वयंसेवकों द्वारा नागरिक सुरक्षा सेवाओं जीवंत प्रदर्शन किया गया जिसमें बम विस्फोट या अन्य किसी आपदा/विपदा के दौरान क्षतिग्रस्त स्मॉक चेम्बर, बहुमंजिला इमारतों इत्यादि से हताहतों को नागरिक सुरक्षा बचाव दलों की मदद से विभिन्न बचाव विधाओं से बचाव प्रक्रिया को दर्शाया गया। साथ ही आग लगने पर अग्निशमन दलों द्वारा प्रयोग में लिए जाने वाले अलग-अलग उपकरणों का उपयोग कर भीषण आग पर नियंत्रण करना बताया गया। समारोह के दौरान मुख्य अतिथि द्वारा विभाग के कार्मिकों/स्वयंसेवकों को उनके द्वारा किए गए सराहनीय कार्यों के लिए प्रशंसा पत्र प्रदान किये गयेसमारोह में उप निदेशक नागरिक सुरक्षा निदेशालय सुमन देवी, स्टाफ ऑफिसर इन्द्रमल सीनियर सहित अन्य विभागीय अधिकारी, कार्मिकों सहित कुल 500 नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक उपस्थित रहे।



## पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बाड़ी में डॉ. शिवदयाल मंगल द्वारा विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अंतर्गत प्रेरणादायक मार्गदर्शन

चमकता राजस्थान



**धौलपुर रामदास तरुण।** पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बाड़ी में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत विद्यार्थियों को लैंगिक समानता, स्वास्थ्य जागरूकता और करियर जागरूकता से संबंधित प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक जानकारियाँ डॉ. शिवदयाल मंगल, पूर्व चिकित्साधिकारी, द्वारा दी गईं। डॉ. मंगल ने महान गणितज्ञ रामानुजन और स्वामी विवेकानंद जी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किस प्रकार इन महान व्यक्तित्वों ने अपनी मेहनत और लगन से छोटी सी उम्र में ही देश का नाम रोशन किया। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि जब हमें शारीरिक बीमारी होती है, तो डॉक्टर हमें दवा और विटामिन्स देते हैं, लेकिन जब हमें सफलता की सीढ़ी चढ़नी होती है, तो हमें कुछ अन्य महत्वपूर्ण विटामिन्स की आवश्यकता होती है: अट्रैक्शन, बॉन्डिग, केयरिंग और डेडिकेशन। यदि हम इन विटामिन्स को अपनी जीवन शैली में आत्मसात कर लें, तो सफलता हमारे कदमों में होगी। सफलता के आयाम पर चर्चा करते हुए उन्होंने उदाहरण दिया कि किस प्रकार आईआईटी के छात्रों ने एक छोटी सी चाय की दुकान से अपना व्यापार शुरू किया और बाद में एक बड़े ब्रांड के रूप में पहचान बनाई। उन्होंने मोबाइल से दूरी बनाने के बारे में भी विद्यार्थियों को रोचक जानकारी दी और बताया कि हम अपने शौक को करियर में कैसे बदल सकते हैं। डॉ. मंगल ने विद्यार्थियों और युवाओं से आग्रह किया कि वे सुसंस्कारित नागरिक बनें और अपने जीवन में पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक सद्भाव, नागरिक शिष्टाचार और स्वदेशी जैसे पंचप्रणों को आत्मसात करें। इसके साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को उत्साहित करते हुए कहा, ₹आप देश का भविष्य हैं, अपने आप पर भरोसा करें और अपनी ज्ञान पिपाशा को इस तरह बढ़ाएं कि बेहतर से बेहतर की तलाश करें। यदि नदी मिल जाए, तो समंदर की तलाश करें। टूटते हैं शीशे अक्सर पत्थर की चोट से, काट दो पत्थर को, ऐसे शीशे की तलाश करो।₹डॉ. मंगल की प्रेरणादायक बातों के बाद विद्यालय के प्रधानाचार्य, हरीओम सिकरवार ने उन्हें दुपट्टा और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उपप्राचार्य नीरू शर्मा, रईस खान, माधों सिंह, शिवशंकर गर्ग, नीलम देवी, रेनू गर्ग, पुष्पेंद्र शर्मा, चरण सिंह, सुनील शुक्ला, वीर सिंह, हुकुम अग्रवाल, मनीष कुमार, साकिर खान, किरण कुमारी, हर्षराज, जानकी नंदन, कमलेश शर्मा सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## मेरी सरकार में मेरे ही खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ : काबिना मंत्री किरोड़ी लाल मीणा

- मुख्यमंत्री बता सकते हैं यह किसके इशारे पर किया, महिला सीआई पर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही?



**चमकता राजस्थान। जयपुर !**राइजिंग राजस्थान से पहले भजनलाल सरकार में कैबिनेट मंत्री किरोड़ीलाल मीणा अपनी ही सरकार के खिलाफ हो गए हैं। शुक्रवार को प्रेस क्लब में मीडिया से बात करते हुए किरोड़ीलाल मीणा ने कहा कि मेरी सरकार में मेरे ही खिलाफ मुकदमा दर्ज हो रहा है। सीआई कविता शर्मा इतनी असरदार है कि कांग्रेस के शासनकाल में भी उसका बाल बांका नहीं हुआ। अभी भी उस पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। मंत्री किरोड़ी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक भाषण की क्लिप दिखाते हुए कहा कि भारतीय नागरिक संहिता पर चर्चा करते हुए पीएम मोदी ने एक सभा में कहा था कि कोई भी पुलिस अधिकारी किसी भी व्यक्ति कोबिना लिखित में सूचना दिए हिरासत में नहीं ले सकता है। सरकार मेरी है तो क्या मैं अन्याय सहन कर लूंगा। किरोड़ी ने कहा कि सीआई कविता शर्मा देर रात एक युवती मंजू शर्मा और ममता गुर्जर को जबरन उठाने गई थी। मुझसे गलती हो गई कि मैं उन्हें बचाने के लिए मौके पर चला गया। आगे से मैं मौके पर नहीं जाऊंगा, क्योंकि ऐसा करने पर मेरे खिलाफ हो मामला दर्ज कर लिया गया। मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने कहा कि मेरे खिलाफ जो मामला दर्ज हुआ है, उसके बारे में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ही बता सकते हैं। किसके कहने पर और किसके इशारे पर मेरे खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। मैं तो बीएनएसएस में जो प्रावधान है, उसके तहत मंजू शर्मा और अनीता गुर्जर को बचाने गया था। उन्होंने कहा कि सीआई कविता शर्मा मंजू शर्मा के घर में जबरन घुसी। उसके माता-पिता ने उन्हें मना भी किया। वह जबरन घुसकर मंजू शर्मा को उठा लाई । इससे उसकी दादी दहशत में आ गई। आज उसकी दादी की मौत हो गई है। मंजू शर्मा की दादी की मौत के लिए जिम्मेदार एसएचओ कविता शर्मा है। उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

## रेलवे संगठनों की मान्यता चुनाव में अंतिम दिन बुथ नं.10 पर 1002 ने कुल मत डाले।

- आरपीएफ की देखरेख में शांति पूर्ण हुआ मतदान।

चमकता राजस्थान



फुलेरा (दामोदर कुमावत)। रेलवे में कर्मचारी संगठनों को मान्यता प्रदान करने हेतु अंतिम दिन 6 दिसंबर को फुलेरा रेलवे स्टेशन बूथ नंबर 10 पर 1002 रेलवे कर्मचारियों ने शांति पूर्ण मतदान किया। रेलवे स्टेशन प्राप्त जानकारी अनुसार1073 मतदाताओं में से 1002 ने मतदान किया,जो 93.38% रहा। जबकि रेलवे इंस्टिट्यूट। के बूथ नं. 11 पर 4 व 5 दिसंबर 24 को कुल 615 मतदाताओं में से 569 ने मतदान किया जिसका 92.52% मतदान रहा। गौरतलाप है कि रेलवे संगठनों को मान्यता प्राप्त चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हुए, इसके लिए एन डब्ल्यू आर आई यू के नरेंद्र चाहर,एस. के. माथुर, यू पी आर एम एस के मनीषशर्मा, सुनील यादव, एस आर बी के यू के. सीपी मानोता तथा पी आर .के.पी. के नरेंद्र कुमार मित्तल व गिर्राज प्रसाद मीणा ने सभी मतदाताओं कर्मचारियों को शांतिपूर्ण मतदान करने के लिए धन्यवाद प्रेषित किया है वही सभी संगठनों एवं रेल कर्मचारी मतदाताओं ने रेलवे इंस्टिट्यूट पोलिंग पार्टी सदस्यों एवं चुनाव अधिकारीआर एम वार्ष्णेय की व्यवहार कुशलता की भूरि भूरि प्रशंसा की।

# जिलों में भूमि चिन्ह्ति एवं अवाप्त करने के भरसक प्रयास करें : डॉ. रश्मि शर्मा आवासन आयुक्त

चमकता राजस्थान



**जयपुर!(खलील कुरैशी) 06 दिसम्बर।** आवासन मण्डल की आवासीय योजनाओं का प्रदेशभर में विस्तार करने तथा मण्डल का लेण्ड बैंक तैयार करने के लिए स्थानीय प्रशासन का सहयोग लेते हुए जिलों में भूमि चिन्हित एवं अवाप्त करने के भरसक प्रयास करें, यह कहना है आवासन आयुक्त डॉ. रश्मि शर्मा का। उन्होंने कहा कि अभियंता फील्ड में जाकर मण्डल की आवासीय योजनाओं में स्थित लेण्ड पॉकेटस् चिन्हित करें। डॉ. रश्मि शर्मा ने यह बात शुक्रवार को आवासन मंडल मुख्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए कही। साथ ही उन्होंने कहा कि मण्डल प्रदेश के सभी अंचलों में आमजन को आवास देने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि निर्माण से आवंटन होने तक प्रत्येक प्रोजेक्ट में संवेदनशीलता एवं गंभीरता से कार्य किया जाये। डॉ. शर्मा ने मण्डल की प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी कार्यों को समय से पूर्ण करने के निर्देश प्रदान किये तथा कार्यों को टीम भावना से एक दूसरे का सहयोग करते हुए पूर्ण करने का सुझाव दिया। इसके साथ ही डॉ. शर्मा ने निर्देश दिये कि लम्बे समय से निस्तारित ना होने वाली सम्पत्तियों को चिन्ह्ति कर प्रथम प्रयास में व्यापक प्रचार-प्रसार कर बुधवार नीलामी योजना के माध्यम से बेचने की कोशिश करने और इसके पश्चात शेष बची अनिस्तारित सम्पत्तियों को खुली बिक्री योजना के माध्यम से बेचने की कार्य योजना बनाने के निर्देश भी दिए।उन्होंने नवीन आवासीय योजनाओं के संबध में विस्तृत दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि अभियंता जमीन को अवाप्त करने से पहले कोस्ट बेनेफिट अध्ययन सुनिश्चित करें। डॉ. शर्मा ने कहा कि मण्डल भूमि हस्तांतरण की एसओपी बनाकर लंबित प्रकरणों का तत्काल निस्तारण करें । आयुक्त डॉ. रश्मि शर्मा ने बैठक में न्यायालय में लम्बित वाद, विवादित मकानों तथा लम्बित पंजीकरण से संबंधित बिन्दूओं पर भी गहन चर्चा की व उनके समयबद्ध निस्तारण के लिए कार्य योजना बनाने के निर्देश दिये। बैठक में मुख्य अभियंता-प्रथम अमित अग्रवाल, मुख्यअभियंता मुख्यालय टी.एस. मीना सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं अभियंता उपस्थित रहे।

रामनगरिया में नन्दघर आंगनबाड़ी का किया निरीक्षण

# उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने मालवीय नगर बाल्मिकी बस्ती में किया आंगनबाड़ी का औचक निरीक्षण

चमकता राजस्थान






जयपुर। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने शुक्रवार को जयपुर के रामनगरिया स्थित नन्दघर आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया। इस दौरान महिला एवं बाल विकास शासन सचिव महेन्द्र सोनी, निदेशक समेकित बाल विकास सेवाएं ओ पी बुनकर उपस्थित रहे।

उपमुख्यमंत्री ने रामनगरिया स्थित नन्दघर आंगनबाड़ी केन्द्र के निरीक्षण के दौरान आधुनिक सुविधाएं, स्मार्ट टीवी, सुसज्जित कक्ष, आधुनिक फर्निचर, पानी की मशीन, बिजली पानी के कनेक्शन सहित सुचारू व्यवस्था, शौचालय की सुविधा, खेल मैदान, पोषण वाटिका, बच्चों की प्री स्कूल जैसी ईसीसीई गतिविधियां, बच्चों के ग्रोथ मोनिटरिंग उपकरण, पोषण वाटिका आदि को देखकर संतोष जताया।

वहीं उन्होंने मालवीय नगर की बाल्मिकी बस्ती में स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र का भी औचक निरीक्षण किया तथा यहां नन्दघर आंगनबाड़ी केन्द्र की जैसी आधुनिक सुविधाएं विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बाल्मिकी बस्ती में स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र सहित राज्य के अन्य आंगनबाड़ी केन्द्रों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित कर विकसित करने के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने महिलाओं और बच्चों के फीडबैक के आधार पर पोषाहार और टीएचआर के स्वाद में सुधार करने हेतु निर्देश दिए।

दिया कुमारी ने आंगनबाड़ी में बच्चों से बातचीत की और दुलार किया । उपमुख्यमंत्री को बच्चों ने कविताएं और गिनती सुनाई ने जिस पर उन्होंने बच्चों को शाबासी देकर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने बच्चों से उनकों मिलने वाले पोषाहार के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने बच्चों की खेल-कूद में सीखने की प्रक्रिया में शामिल होकर उनके साथ पूर्ण आत्मियता से संवाद किया और हौसला हफजाई की।

उपमुख्यमंत्री ने आंगनबाड़ी के रसोईघर का अवलोकन किया और रसोईघर में आवश्यक सुविधाएं विकसित करने के निर्देश दिये। वहीं उन्होंने शौचालय का भी नीरीक्षण कर उसके संचालन की स्थिति का अवलोकन किया। उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्र से सटी पोषण वाटिका का भी अवलोकन किया तथा आवशयक दिशा निर्देश दिए।

उपमुख्यमंत्री ने बच्चों से आंगनबाड़ी पर लगी हाथ धोने वाली पानी की मशीन का उपयोग करने की जानकारी ली। पोषाहार ग्रहण करने से पहले उन्होंने स्वयं बच्चों के हाथ धुलवाये। साथ ही बच्चों को हाथ धोने का महत्व बताते हुए पानी बचाने की सीख भी दी।

दिया कुमारी ने आंगनबाड़ी केन्द्र पर उपस्थित गर्भवति और धात्री महिलाओं से बातचीत की और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना सहित आंगनबाड़ी केन्द्र पर मिलने वाली सुविधाओं के बारे में फीडबैक लिया। उपमुख्यमंत्री को महिलाओं ने सकारात्मक फीडबैक देते उनके साथ फोटो खिचवायें और सेल्फी भी ली।

दिया कुमारी ने एक धात्री महिला के बच्चे राधे को प्यार दुलार किया तथा उसे गोदी में लिया। इस दौरान बच्चा भी प्रसन्न मुद्रा में उपमुख्यमंत्री की गोद में बार-बार मुस्कुरूता नजर आया।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता माया की प्रशंसा

» उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने की आंगनबाड़ी केन्द्र में संचालित होने वाली विभिन्न गतिविधियों की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती माया से जानकारी ली और उनके द्वारा पोषण ट्रेकर का सजीव संचालन का भी देखा। दिया कुमारी ने आंगनबाड़ी केन्द्र पर बच्चों और गर्भवति तथा धात्री महिलाओं के लिए संचालित सभी तरह की योजनाओं और सुविधाओं की विस्तार से जानकारी लेकर संतोष जताया। साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती माया की प्रशंसा कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा उनके अच्छे काम के लिए उन्हें सम्मानित करने के लिए भी अधिकारियों को निर्देश दिए।

## संक्षिप्त समाचार

### हिंदू तिथि के अनुसार मनाया जाएगा जयपुर स्थापना दिवस

- शनिवार को आयोजित होगा कार्यक्रम जैपुर री बात
- यूथ जानेगा जयपुर हेरिटेज की विशेषताएं

**चमकता राजस्थान। जयपुर।** हिंदू तिथि के अनुसार मार्गशीर्ष शुक्ल षष्ठी, विक्रम संवत 1784 को जयपुर की स्थापना की गई थी। इसी उपलक्ष्य में इस वर्ष मार्गशीर्ष शुक्ल षष्ठी यानी 7 दिसंबर को जयपुर के युवा विचारकों का समूह यूथ थिंक द्वारा जयपुर स्थापना दिवस के उपलक्ष में टॉक शो ₹जैपुर री बात₹ आयोजित किया जा रहा है। यूथ थिंक समूह संयोजक विनीश अग्रवाल ने बताया कि जयपुर हमेशा से ज्योतिष में अग्रणी रहा है और जयपुर की स्थापना भी तब निश्चित रूप से तिथि के अनुसार शुभ मुहूर्त में ही की गई थी। इसीलिए यूथ थिंक समूह द्वारा यह कार्यक्रम मार्गशीर्ष शुक्ल षष्ठी पर जयपुर के युवाओं को जयपुर की विरासत से परिचित करवाने के लिए रखा गया है। टॉक शो किशनपोल बाजार,विरासत संग्रहालय, आर्ट कॉलेज में आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन में विशेषज्ञों के रूप में इतिहासकार सियाशरण लश्करी एवं शिल्प गुरु गोपाल सैनी उपस्थित रहेंगे।कार्यक्रम में जयपुर हेरिटेज से जुड़ी कई पुरामहत्व की बहुमूल्य वस्तुओं की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी, जिनके माध्यम से युवा जयपुर और इसकी विरासत के बारे में अधिक जान पाएंगे।

### परिनिर्वाण दिवस पर अंबेडकर भवन ब्रज नगर में श्रद्धांजलि सभा की आयोजित



**चमकता राजस्थान। भरतपुर,(राजवीर सिंह)।** ब्रज नगर भरतपुर स्थित अम्बेडकर भवन में ब्रज नगर जाटव विकास समिति द्वारा भारत रत्न बोधिसत्व डॉ भीम राम अंबेडकर जी के परिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन ओर माल्यार्पण किया गया तथा विचार गोष्ठी रखी गई जिसमें सभी ने बाबासाहब के कृतित्व और व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला इस मौके पर मुकेश पिप्पल, मांगी लाल, मोहन सिंह, किशोर, गिर्राज सिंह, विजय सिंह, हरवान सिंह , मंगतू राम केलुरी, चरन सिंह , लक्ष्मण सिंह, सुनील कुमार, अध्यक्ष सतीश कुमार सहित कॉलोनी के लोग ने भाग लिया।

### पट्टी टूटकर गिरने से श्रमिक की मौत, दो अन्य श्रमिक घायल

- जिला चिकित्सालय में किया घायलों को भर्ती, मुर्दाघर में रखा मृतक श्रमिक का शव

**चमकता राजस्थान। नदबई, (राजवीर सिंह)।** क्षेत्र के गांव कबई में शुक्रवार देर शाम पुराने मकान की पट्टी उतारने दौरान अचानक पट्टी टूटकर गिरने से तीन श्रमिक घायल हो गए। शोर-शराबा होने पर ग्रामीणों ने घायलों को निकालते हुए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां एक श्रमिक की उपचार दौरान मौत हो गई। जबकि, हादसे में घायल मृतक श्रमिक के दो पुत्रों को उपचार किया गया।

विभागीय सूत्रों की मानें तो गांव भौसिंगा निवासी सहाब सिंह पुत्र श्रीराम जाट अपने पुत्र पिंटू उर्फ पवन सिंह व नीतेश सिंह के साथ मजदूरी करते हुए गांव कबई में एक पुराने मकान की पट्टी उतार रहा। इसी दौरान अचानक एक पट्टी टूटकर गिरने से हादसा हो गया। जिसके चलते सहाब सिंह सहित उसके दोनों पुत्र पट्टी के नीचे दब गए। तेज धमाके का शोर होने पर समीपवर्ती ग्रामीणों ने मौके पर पहुंच घायल पिता-पुत्रों को निकालते हुए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां उपचार दौरान सहाब सिंह की मौत हो गई। इस संदर्भ में समाचार लिखे जाने तक पुलिस में कोई मामला दर्ज नही हुआ।

## पहली बार महिला हैंडबॉल अकादमी की खिलाड़ी ओलंपियन नार्सिसा लेकुसानु से हुई रूबरू

स्टेडियम पर हैंडबॉल खिलाड़ियों को दिये टिप्स






चमकता राजस्थान

जयपुर। राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद द्वारा सवाई मान सिंह स्टेडियम में संचालित महिला हैंडबॉल अकादमी की खिलाड़ियों के लिए यह सपने से कम नहीं था कि रोमानिया की पूर्व ओलंपियन नर्सिसा लेकुशानु उनसे रूबरू हुई। अकादमी की खिलाड़ियों को लेकुशानु ने खेल के टिप्स दिए। साथ ही खिलाड़ियों ने भी उनसे सवाल जवाब पूछे।

पहली बार गुलाबी नगरी में महिला ओलम्पियन हैंडबाल खिलाडी रोमानिया की नार्सिसा लेकुसानु हैंडबाल एसोसिएशन इंडिया के महासचिव डा. तेजराज सिंह के बुलावे पर यहां आई है। वे जयपुर घुमी और सवाई मानसिंह स्टेडियम स्थित हैंडबॉल की खेल सुविधाओं को भी देखा।

बीजिंग ओलंपिक 2008 में रोमानिया को सांतवा स्थान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली और इंटरनेशनल हैंडबाल फेडरेशन की कार्यकारिणी सदस्य नार्सिसा लेकुसानु ने जयपुर विजिट किया और इस दौरान सिटी पैलेस, हवा महल, जल महल, आमेर महल आदि पर्यटन स्थल भी देखे। उन्होने कहा जयपुर के बारे में जैसा सुना था, उससे भी अच्छा लगा।

हैंडबाल एसोसिएशन इंडिया के महासचिव डॉ. तेजराज सिंह ने लेकुसानु का सवाई मानसिंह इंडोर स्टेडियम में ढोल नगाडो के बीच बुके भेट कर स्वागत किया। इस अवसर पर राजस्थान स्टेट हैंडबाल एसोसिएशन के मानद सचिव यश प्रताप सिंह और भारतीय टीम के कोच प्रियदीप सिंह सहित अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय खिलाड़ी भी उपस्थित थे।

2005 की विश्व चैंपियनशिप में रोमानिया को रजत पदक दिलाने वाली 6.1 इंच की नार्सिसा लेकुसानु खेल सुविधाओं को देख कर काफी प्रसन्न नजर आई और कहा की इंडोर स्टेडियम भी अच्छा है। यहां आयोजित हुई हैंडबाल गतिविधियों के बारे में भी बातचीत की। डॉ. तेजराज सिंह ने राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की हैंडबाल प्रतियोगिताओं के बारे में बताया।

सायं काल में लेकुसानु महिला हैंडबॉल अकादमी की खिलाड़ियों के साथ साथ स्पोर्ट्स स्कूल व नियमित अभ्यास करने वाले हैंडबॉल खिलाड़ियों से मुलाक़ात की। उन्होने खिलाडियों को नसीहत देते हुए कहा की वे लक्ष्य निर्धारित कर कडी मेहनत करेंगे तो सफलता उन्हे अपने आप मिलने लगेगी। अपने प्लेइंग करियर के साथ साथ वर्तमान में हैंडबॉल के परिदशर्य के बारे में बताया।

### विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु समुदाय के लिए सहायता शिविर राजीव गांधी सेवा केंद्र, नकसौदा में आयोजित



**चमकता राजस्थान। धौलपुर रामदास तरुण। धौलपुर, 6 दिसम्बर** 24 को बाड़ी एसडीएम हेमंत कुमार घनघोर और विकास अधिकारी राम बोल सिंह गुर्जर ने बताया कि जिला कलक्टर धौलपुर के निर्देशानुसार, जिले में विमुक्त, घुमन्तु और अर्द्धघुमन्तु समुदाय के विकास के लिए आवश्यक दस्तावेज जारी करने हेतु सहायता शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।


जन अधिकार मंच, बाड़ी धौलपुर द्वारा मोगिया अड्डा जमूरा और सपेरा अड्डा गडरपुरा ग्राम पंचायत सनौरा गांव में शिविर के बारे में पूरी जानकारी दी गई। रामदास तरुण ने समुदाय के लोगों से अपील की कि वे शिविर 6में समय पर पहुंचकर आवश्यक दस्तावेज बनवाएं ताकि वे सरकार की योजनाओं का लाभ उठा सकें। यह शिविर 9 दिसम्बर 2024 को राजीव गांधी सेवा केंद्र, नकसौदा, बाड़ी में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित किया जाएगा। शिविर में निम्नलिखित दस्तावेज बनाए जाएंगे: वोटर आईडी, आधार कार्ड, जनाधार कार्ड, राशन कार्ड, जाति प्रमाण-पत्र, घुमन्तु पहचान प्रमाण-पत्र, और मूल निवास प्रमाण-पत्र। साथ ही, आवासहीन व्यक्तियों को निःशुल्क भूमि आवंटन, प्रधानमंत्री आवास योजना, पालनहार योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना और निःशुल्क दवाई वितरण किट जैसी योजनाओं का लाभ भी दिया जाएगा।

इस कार्यक्रम में रामदास तरुण, राकेश कुमार, राजेश, मवसीया मोगिया, रामबरन मोगिया, सौरासिंह मोगिया, बलिया मोगिया, जगदीश मोगिया, और अन्य महिला/पुरुष उपस्थित रहे। यह शिविर क्षेत्र के समस्त विमुक्त, घुमन्तु और अर्द्धघुमन्तु समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर होगा, जहां वे जरूरी दस्तावेज बनवाकर सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं।

## रेल दुर्घटनाओं में तेजी से कमी करने की दिशा में कारगर साबित हो रही है "कवच प्रणाली": मदन राठौड़

राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ के रेल सुरक्षा के लिए गए इंतजामों के सवाल पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दिया जवाब

चमकता राजस्थान



**जयपुर।** राज्यसभा सांसद एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि भारतीय रेल यात्रियों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के कार्यकाल में यात्रियों की सुरक्षा की दृष्टि से रेलवे द्वारा पुख्ता इंतजाम किए जा रहे है। इसका ही परिणाम है कि 2014 से 2024 तक 10 सालों में रेल गाडी दुर्घटनाओं के ग्राफ में तेजी से गिरावट आई है। 2014 में औसतन 135 रेल दुर्घटनाएं हो रही थी, जो 2024 अक्टूबर तक 35 पर आ गई। इतना ही नहीं, यूपीए और भाजपा सरकार के कार्यकाल का अवलोकन करें तो 2004 से 2014 में जहां औसतन 171 रेल दुर्घटनाएं सालाना हो रही थी, वहीं मोदी सरकार में 2014 से 2024 में यह संख्या प्रतिवर्ष 68 तक पहुंच गई या यूं कहां जाए कि रेल दुर्घटनाओं में 60 प्रतिशत की कमी आई है। राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ के सवाल के जवाब में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सदन में यह जानकारी दी।

राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ ने कहा कि भारतीय रेलवे यात्रियों की सुरक्षा में लगातार वृद्धि कर रही है। रेल दुर्घटनाओं को कम करने के साथ ही भारतीय रेलवे रेल मार्ग का विद्युतीकरण, मानव रहित रेलवे फाटक तैयार करना और सुरक्षा की दृष्टि से स्वदेशी विकसित स्वचालित रेलगाडी संरक्षा प्रणाली ''कवच'' को लागू करने जैसे कार्य तेजी से कर रही है। कवच प्रणाली के तहत यदि लोको पायलट ब्रेक लगाने में विफल रहता है तो कवच स्वचालित ब्रेक लगाकर गति सीमा में गाड़ी चलाने में सहायता करता है। भारतीय रेलवे ने 2019 में सभी बडी लाइन मार्ग पर मानव रहित समपार को समाप्त करने का कार्य किया। वहीं रेलवे द्वारा मानवीय विफलता के कारण होने वाली दुर्घटना को रोकने के लिए 6608 स्टेशनों पर केंद्रीकृत इलेक्ट्रोनिक इंटर लॉकिंग प्रणाली की व्यवस्था की गई है।

राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ ने बताया कि भारतीय रेलवे ने जुलाई 2020 को कवच प्रणाली को लागू कर रेल दुर्घटनाओं को कम करने की दिशा में ऐतिहासिक कार्य किया है। कवच प्रणाली दक्षिण मध्य एवं उत्तर मध्य रेलवे के 1548 किलोमीटर मार्ग पर शुरू की जा चुकी है। वहीं अब दिल्ली मुंबई, दिल्ली हावडा रेल मार्ग पर करीबन 3 हजार किलोमीटर लाइन पर भी इस प्रणाली को शीघ्र लागू किया जाएगा। दिल्ली-मुंबई रेल मार्ग पर करीबन 705 किलोमीटर पर तथा दिल्ली-हावडा रेल मार्ग पर 376 किलोमीटर तक कवच प्रणाली लागू करने का कार्य किया जा चुका है, शेष कार्य भी जल्द पूरा किया जाएगा। रेलवे ने अक्टूबर 2024 तक कवच प्रणाली लागू करने के लिए 5116 किलोमीटर रेल मार्ग पर ऑप्टिकल फाइबर केबल बिछाने का कार्य पुरा कर लिया है। वहीं 687 रेल इंजनों में कवच का प्रावधान कर दिया गया तथा 10 हजार रेल इंजनों में इसकी संस्थापना के लिए परियोजना को अंतिम रूप दिया गया है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929